## खबर संक्षेप

### आधार फाउंडेशन में तीन दिवसीय खेल महोत्सव का शुभारंभ

छिंदवाड़ा। नगर के परासिया रोड स्थित दिव्यांगों की सेवा में समर्पित संस्था आधार फाउंडेशन में तीन दिवसीय खेल महोत्सव का भव्य शुभारंभ सम्माननीय अतिथियों के हस्ते किया गया।जिसका उदघाटन मुख्य अतिथि जिला जेल अधीक्षक प्रतीक जैन, विशेष अतिथि डीएसपी यातायात आर. पी. चौबे, डॉक्टर शैलेन्द्र सैयाम, डॉक्टर प्रेरणा कोटवाल, कार्यक्रम अध्यक्ष स्वच्छता ब्रांड एंबेसडर दीपक राज जैन ने किया।इस अवसर पर सभी अतिथियों का दिव्यांग बच्चों सहित आधार की संचालिका एवं अध्यक्ष सरिता पांडे ने तिलक एवं बैच लगाकर तुलसी का पौधा भेंट कर आत्मीय अभिनंदन किया।कार्यक्रम के दौरान दिव्यांग बच्चों ने स्वच्छ भारत मिशन एवं नशा मुक्त भारत पर सुंदर सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं प्रतियोगिता में हिस्सा लिया, जिसकी सभी अतिथियों ने सराहना की ओर विश्व दिव्यांगजन दिवस की शुभकामनाएं की।कार्यक्रम का सफल संचालन सक्षम के जिला अध्यक्ष महेश किन्थ ने किया ओर सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया। आज द्वितीय दिवस सोमवार 1 दिसंबर को दिव्यांग बच्चों के लिए कुर्सी, चंमज, गोल फेंक सहित अन्य प्रतियोगिता का आयोजन दोपहर एक बजे से किया जावेगा जिसमें आप सभी आमंत्रित हैं।इस अवसर पर मास्टर देवराज के छठवें जन्म दिवस पर डॉक्टर दंपत्ति द्वारा दिव्यांग बच्चों के लिए 4 गद्दे, 10 कंबल भेंट किए और मिष्ठान बांटकर दिव्य दिव्यागजन दिवस की बधाई दी।

### आठ घंटे की मशक्कत के बाद भी नहीं निकला शव, एनडीआरएफ की टीम रेस्क्यू में जुटी

# मां के सामने ही कुएं में कूद गया नाबालिग



हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

देहात थाना अंतर्गत बजरंग नगर में आज सुबह 9वी कक्षा के छात्र की कुएं में डूबने से मौत हो गई। घटना की जानकारी लगते ही पुलिस मौके पर पहुँची जहां 16 वर्षीय किशोर का शव कुएं से निकालने के लिए एनडीआरएफ की टीम द्वारा पिछले 8 घँटे से प्रयास कर रही है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार सार्थक वानखेड़े निवासी बजरंग नगर वार्ड क्रमांक 39 सुबह लगभग 9 बजे अपनी छत पर खेल रहा था। जहां उसकी माँ पूनम वानखेड़े द्वारा उसे आवाज देकर नीचे बुलाया गया। जब सार्थक नीचे नही आया तो उसे एक बार फिर आवाज दी गई। जहां अचानक ही सार्थक घर के बाजू में ही बने कुएं में अपनी माँ के सामने छलांग लगा दी। सार्थक की माँ पूनम वानखेड़े द्वारा तत्काल ही इसकी जानकारी परिजनों को दी गई जहां कुछ देर बाद पुलिस ने मौके पर पहुँचकर मोर्चा संभाला है। पुलिस के मुताबिक कुएं में काफी पानी भरा हुआ है।


जबकि कचरा भी भरपूर मात्रा में भरा हुआ है। ऐसे में सार्थक बच्चे का शव कुएं से निकालने में काफी दिक्कतों का सामना कर पड़ रहा है। हालाकि एनडीआरएफ की टीम द्वारा सुबह से ही कुएं का पानी निकालकर बच्चे के शव को निकालने का प्रयास किया जा रहा है।

### बड़कुही पुलिस चौकी का मामला

## ट्रेन के आगे कूदा विक्षिप्त, मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ परासिया

बीते शनिवार की रात पालाचौरई - इकलेहरा स्टेशन के बीच एक विक्षिप्त ट्रैन के आगे कूद गया। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। मामले में मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी गई है।मिली जानकारी के अनुसार ट्रैन नंबर N Box LONG HOUL के लोको पायलट सतीश कुमार , सह लोको पायलट देवेंद्र और ट्रैन मैनेजर श्री मीणा के द्वारा मेमो जारी कर इकलेहरा स्टेशन को शनिवार 29 नवंबर को रात 08:57 पर सूचना दी , कि उक्त ट्रैन के इंजन नंबर 60329/NGP के आगे कोई कूद गया है। सूचना मिलते ही प्रधान आरक्षक मुकेश चौहान , संतोष मरकाम , इकलेहरा मुकद्दम विष्णु प्रसाद तिवारी व अन्य स्टॉफ घटना स्थल पर पहुंचे जहां एक करीब 50 वर्षीय व्यक्ति पटरियों के बीच पड़ा है



, जिसके सिर के दाहिने तरफ से खून बह रहा है। उसका सिर पाला चौरई की तरफ और पैर इकलेहरा की तरफ है। जिसके बाद रेलवे द्वारा मर्ग क्रमांक 00/2025/U/S - 194 BNS के तहत अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज विवेचना शुरू की गई । डिप्टी एस एस इकलेहरा के द्वारा उसी रात 09:10 पर बड़कुही पुलिस को सूचना दी गई ।

**रिछेड़ा का है मृतक :-** बड़कुही पुलिस चौकी प्रभारी अक्रजय ध्रुवे ने बताया , कि रेलवे से सूचना मिलने के बाद मृतक की पहचान के लिए आसपास के क्षेत्रों में पतासाजी की गई । जिसके बाद रिछेड़ा ग्राम में मृतक के परिजनों का पता लगा । जिन्होंने मृतक की पहचान अनिल यदुवंशी के रूप में की और बताया , कि वह शनिवार सुबह घर से निकला था। यह भी बताया , कि मृतक थोड़ा मानसिक रूप से विक्षिप्त है ।

## कोयले से ज्यादा मिट्टी का हो रहा अवैध उत्खनन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ परासिया

कोयलांचल क्षेत्र में कोयले के अवैध उत्खनन और परिवहन की चर्चा हमेशा रहती है , लेकिन इसके इतर क्षेत्र में मिट्टी का अवैध उत्खनन और परिवहन भी जोरों पर है । जिसको लेकर प्रशासन पूरी तरह चुप्पी साधे हुए है । देखा जाए तो दोनों ही काम गैर कानूनी है , लेकिन एक काम में जान का जोखिम कम है , तो एक में ज्यादा है । जिसके चलते कोयले के मामले पर प्रशासन समय - समय पर गंभीर नजर आता है , वहीं जनप्रतिनिधियों के द्वारा भी इसी मुद्दे को उठाया जाता है । परासिया विधानसभा क्षेत्र के चारों तरफ नजर दौड़ाई जाए तो



यह देखने को मिलेगा , कि मिट्टी का भी अवैध रूप से उत्खनन और परिवहन धड़ल्ले से जारी है।

हालांकि इस मिट्टी का उपयोग भी ईंट भटटों में ईट बनाने के लिए किया जाता है । वर्तमान में अवैध कोयला उत्खनन के चलते हुए हादसों के बाद प्रशासन ने इस पर अंकुश लगाने के लिए जो रूपरेखा तैयार की है , उसमें न सिर्फ बंद कोयला खदानें टारगेट में है , बल्कि उन ईंट भट्टो को भी खंगालने का कदम उठाया जा रहा है , जहां अवैध रूप से कोयला पहुंचता है । इसी तरह यह जो मिट्टी चारों तरफ खोदी जा रही है वह मिट्टी भी अवैध रूप से ईंट भट्टों पर पहुंचती है। खिरसाडोह के रैयतवाड़ी से , बिजोरी गुमाई से , देवरी ढाना क्षेत्र से , शीलादेही क्षेत्र से , चांदामेटा में फ्लावर स्कूल के पीछे से , बड़कुही , इकलेहरा आदि सभी क्षेत्रों से मिट्टी खोदकर परिवहन की जा रही है । कई जगह वनभूमि , राजस्व भूमि से मिट्टी खोदी जा रही है । हालांकि इस मिट्टी का उपयोग कर लोग ईंट बनाते है , जिससे उनकी जीविका चलती है , पर इसके लिए जो जरूरी अनुमति होती है वह नहीं ली जाती है ।

## फॉरेस्ट की भूमि पर चल रहा ईंट भट्टा, अंबाड़ा के ईंट भट्टे पर पहुंचे नायब तहसीलदार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ परासिया

अंबाड़ा के धाऊ में संचालित एक ईंट भट्टे पर रविवार को नायब तहसीलदार राम सूर्यवंशी , अंबाड़ा पुलिस चौकी प्रभारी और पटवारी मय स्टॉफ के साथ पहुंचे । यहां भट्ठा संचालन से संबंधित दस्तावेज देखे गए ।जमीन आदि के कागज देख गए तो पता चला , कि यह भट्टा फॉरेस्ट की भूमि पर संचालित हो रहा है । अब आज सोमवार को फॉरेस्ट अधिकारियों के साथ , राजस्व अमला और पुलिस ईंट भट्टे पर पहुंचेगी ।



## अयोध्या में गूंजेगी छिंदवाड़ा की रामलीला

### 13,14 एवं 15 दिसम्बर को होगा मंचन, श्रीराम मंदिर में कलाकारों का पूर्वाभ्यास जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

श्री रामलीला मंडल छिंदवाड़ा द्वारा मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम की पावन लीलाओं का तीन दिवसीय भव्य मंचन आगामी दिसम्बर माह की 13, 14 एवं 15 तारीख को पवित्र नगरी अयोध्या धाम में किया जाएगा। यह आयोजन छिंदवाड़ा जिले के लिए गौरव का विषय बन गया है।

यह मंचन छिंदवाड़ा पांढुर्णा सांसद विवेक बंटी साहू, महामण्डलेश्वर स्वामी श्री अखिलेश्वरानंद गिरि जी महाराज (तपोनिधि निरञ्जनी अखाड़ा, हरिद्वार, उत्तराखंड)तथा मध्यप्रदेश गो संवर्द्धन बोर्ड, भोपाल (केबिनेट मंत्री दर्जा प्राप्त) एवं अयोध्या के पूर्व सांसद लल्लू सिंह के विशेष आतिथ्य में संपन्न होगा। इसके साथ ही आयोजन में अनेकों साधु संतों एवं धार्मिक संगठन के सदस्य सम्मिलित होंगे। मंडल के अध्यक्ष अरविंद राजपूत ने जानकारी देते हुए बताया कि अयोध्या में होने वाला यह आयोजन केवल एक धार्मिक कार्यक्रम नहीं, बल्कि छिंदवाड़ा जिले की सांस्कृतिक और लोककलात्मक पहचान का जीवंत प्रदर्शन होगा।

उन्होंने कहा कि यह रामलीला मंचन जिले के कलाकारों की वर्षों की साधना, परंपरा और अनुशासन का प्रतिफल है, जिसे अब प्रभु श्रीराम की जन्मभूमि पर प्रस्तुत किया जाएगा।मंडल के मुख्य निर्देशक पंडित वीरेंद्र शुक्ल ने बताया कि श्री रामलीला मंडल के श्रीराम मंदिर में प्रतिदिन नियमित रूप से सघन पूर्वाभ्यास कर रहे हैं। प्रतिदिन रात्रि में चल रहे इस अभ्यास में मंच सज्जा, संवाद अदायगी, युद्ध दृश्य एवं भाव-निरूपण पर विशेष मेहनत की जा रही है, ताकि अयोध्या में प्रस्तुति अत्यंत प्रभावशाली और स्मरणीय बन सके।

सांसद विवेक बंटी साहू ने इस आयोजन को छिंदवाड़ा जिले के लिए ऐतिहासिक बताते हुए कहा कि जिले की रामलीला मंडल आज अपनी कला के माध्यम से प्रभु श्रीराम की पावन नगरी में लीलाओं का मंचन करेगी, जो हम सभी के लिए गौरव का विषय है। उन्होंने मंडल को हरसंभव सहयोग का विश्वास भी दिलाया है।इस आयोजन को लेकर मंडल के संरक्षक कस्तूरचंद जैन, राजू चरणागर एवं सतीश दुबे लाला सहित सभी पदाधिकारी, कलाकार एवं सदस्य पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ तैयारियों में जुटे हुए हैं।

## सिवनी के सूने मकान में गहने और नगदी चोरी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ पांढुर्णा

पांढुर्णा समीपस्थ ग्राम सिवनी में कल रात्रि किसान कैलाश कसलीकर के सूने मकान से चोनों ने लगभग साढे तीन लाख रूपए के गहने और नगदी पर हाथ साफ कर दिया। कैलाश आज सुबह जब अपने घर लौटकर आए तब चोरी होने की जानकारी सामने आयी। प्राप्त जानकारी के अनुसार चोर दरवाजा तोडकर तोडकर घर में घुस गए और सोने से निर्मित अंगूठी, कान के झुमके, नथनी, ब्रेसलेट और चांदी की कुछ आभूषण अपने साथ ले गए। गत शनिवार को कैलाश कसलीकर परिवार सिवनी के घर में ताला लगाकर मुलताई में मेला दर्शन के लिए गया था।

## महाकौशल प्रांत में रविवार से प्रारंभ हुआ, व्यापक गृह संपर्क अभियान

छिंदवाड़ा। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के पावन अवसर पर देश भर में व्यापक गृह संपर्क करने की योजना है। इस निमित्त महाकौशल प्रांत में भी रविवार 30 नवंबर 2025 से व्यापक गृह संपर्क अभियान प्रारंभ किया गया है।महाकौशल प्रांत के 10 विभाग तथा 34 जिलों के 23914 ग्राम और नगरीय क्षेत्र की 894 बस्तियों के 65 लाख से अधिक परिवारों तक गृह संपर्क किया जाएगा। हर घर तक संपर्क हो सके कोई भी घर न छूटे इस दृष्टि से 5-5 संघ स्वयंसेवक तथा विविध क्षेत्र के कार्यकर्ताओं के साथ टोली का निर्माण किया गया है। प्रत्येक टोली में 2- 2 मातृशक्तियों को जोड़ा गया है।संपर्क में प्रत्येक घर में भारत माता का स्टीकर लगाया जाएगा और संघ की जानकारी वाला एक पत्रक भी भेंट किया जाएगा। समाज परिवर्तन की दृष्टि से सामाजिक समरसता, कुटुंब प्रबोधन, पर्यावरण जागरूकता, स्वदेशीयुक्त जीवन शैली और नागरिक कर्तव्य जैसे विषयों की भी चर्चा करेंगे।दरअसल व्यापक गृह संपर्क अभियान का उद्देश्य समाज की बातों को सुनना और संवाद स्थापित करना है। व्यापक गृह संपर्क अभियान के तहत आज छिंदवाड़ा जिले में भी प्रत्येक ग्राम, बस्ती , उप नगरों में घर घर जाकर स्वयं सेवकों द्वारा संपर्क किया गया ।इसी तारतम्य में छिंदवाड़ा नगर के पांच उपनगरों में विभाग संघचालक श्री भजनलाल चौपड़े, विभाग प्रचारक श्रीमान लखन जी,विभाग कार्यवाह श्री रामभरोस डिगरसे,विभाग प्रचार मुख्य प्रमुख श्री अमोल डबली तथा गिरीश कापसे द्वारा अलग-अलग उपनगरों में गृह संपर्क अभियान में भाग लिया गया।

## गुंडागर्दी करने वालों का पुलिस ने निकाला पैदल जुलूस

### कार्यपालिका दंडाधिकारी ने अदनान और आर्यन दोनों को भेजा जेल अभिरक्षा में

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चौरई

नगर के वार्ड न 16 मे संचालित ऑनलाइन शॉप पर चुटपुट पैसे के लेनदेन को लेकर ऑनलाइन संचालक को शॉप मे घुसकर मारपीट कर गाली गलौच कर जान से खत्म करने कि धमकी देकर दहशतगर्दी फैला कर गुंडागर्दी करने वाले अदनान खान आर्यन खान पिता याशीन खान कि शिकायत पीड़ति परिवार जनों द्वारा थाना जुन्नारदेव मे की गयी थी।

मामले की गंभीरता को देखते हुए कई संगठनों ने यथोचित कार्यवाही की मांग की थीदोनों आरोपियों पर अपराध क्रमांक 426/2025 धारा 333.296(**A**)115(2) 315(3) 3(5) **bns** 3(1) द 3(1) थ 3(2) एससी एसटी व प्रतिबंधात्मक कार्यवाही कर दोनों आरोपियों को हिरासत मे लेकर थाना परिसर से न्यायालय कार्यपालिक दंडाधिकारी के कार्यालय तक जुलूस की शक्ल मे ले गए। कार्यपालिक दंडाधिकारी महोदय मोहित बोरकर ने बताया कि कार्यपालिक दंडाधिकारी जुन्नारदेव के दांडिक प्रकरण 106/170**BNSS**/2025-26 के तहत आज



दिनांक 30/11/2025 को आरोपी अदनान खान एवं आर्यन खान दोनों निवासी सुकरी जुन्नारदेव को उनके समक्ष पेश किया था जिस पर से उन्होंने दोनों आरोपियों को जिला जेल छिंदवाड़ा की अभिरक्षा में सुपुर्द किया गया।

उन्होंने बताया कि थाना प्रभारी जुन्नारदेव से आज इस्तगाशा सह-आरोपियों को न्यायालय कार्यपालिक दंडाधिकारी के समक्ष प्रस्तुत किया गया था दोनों आरोपीयान के द्वारा दिनांक 28/11/2025 को समय लगभग 3 बजे दमुआ रोड स्थिति ऑनलाइन शॉप में विकास ठाकुर से फोटोकॉपी एवं **FINO** बैंक खाते के संबंध में कहा सुनी के चलते दोनों आरोपी गाली गुप्तार ओर मारपीट पर उतारू हो गए, अवश्य ही कोई गंभीर घटना होने की आशंका थी एवं प्रशांति भंग होने की संभावना थी पर से अवरुद्ध कर जेल भेजा गया। कार्यपालिक दंडाधिकारी और पुलिस कि इस कार्यवाही से दहशत गर्दी व गुंडागर्दी करने वालो मे हड़कंप देखी गयी और एक अनुकूलित एवं सौहार्द का वातावरण बना।

## गौ पालन एवं गौ आधारित कृषि विकसित भारत का आधार - श्री मानसिंहका

छिंदवाड़ा। गौ आधारित कृषि ही किसान की समृद्धि और स्वस्थ्य समाज एवं विकसित भारत का आधार बनेगी **A** युवा ही देश का भविष्य हैं शिक्षा में व्यवहारिक प्रायोगिक कृषि व पशुपालन का प्रशिक्षण युवाओं में कौशल विकास एवं जमीनी स्तर सकारात्मक परिणाम लाने में सहायक बनेगा शिक्षा के साथ संस्कृति एवं सभ्यता से जुडे संस्कारो को भी युवाओ में सिखाना एवं बताना वर्तमान परिवेश की आवयश्यकता हैं**A** छिदंवाड़ा की ग्वालाव एवं मध्यप्रदेश की निमाडी एवं मालवी गौ नस्ल का संरक्षण जरूरी हैं आदि वक्तव्य भारतीय जीव जंतु कल्याण बोर्ड के सदस्य सुनील मानसिंहका द्वारा शा. उ. मा. वि. खुलसान वि.ख.तामिया में आयोजित धरोहर गौ आधारित कृषि कार्यशाला एवं वार्षिकोत्सव 2025 के दौरान किसानो और विद्यार्थियों से कही । कार्यक्रम का आयोजन ग्राम पंचायत खुलसान व शा. उ. मा. वि. खुलसान द्वारा शाला प्रांगण में किया गया । कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सुनील मानसिंहका नागपुर से राज मदनकर एवं अशोक वाहेती जनजातीय कार्य विभाग के सहायक संचालक उमेश सातनकर उपसंचालक पशुपालन विभाग डॉ.एच.जी.एस.पक्षवार श्रीमति ज्योति डेहरिया जिला अध्यक्ष अनुसुचित जाति मोर्चा मंडल अध्यक्ष पवन बंजारा सरपंच राजकुमार कुमरे बीईओ श्री सानेर राजेन्द्र सिंह ठाकुर साबिर फारूकी मुरलीधर राव मनोज उसरेठे प्राचार्य हरीश साहू एवं कार्यक्रम समन्वयक आकाश लालवानी डॉ. पंकज माहोरे महेश कुमार सुलखिया किशोर राठौर लक्ष्मी प्रसाद डेहरिया प्रमुख रूप से उपस्थित रहे साथ ही कार्यक्रम में 500 से अधिक विद्यार्थी एवं 200 से अधिक अभिभावक सहित आसपास की ग्रामपंचायतो के जनप्रतिनिधि उपस्थित रहें।




### तेंदुआ की खबर को मोहगांव वन विभाग के अधिकारियों ने लिया मजाक में

# मोहगांव क्षेत्र में तेंदुए ने की युवक पर हमले की कोशिश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सौंसर

मोहगांवहवेली क्षेत्र में तेंदुए दिखाने के बाद में क्षेत्र के किसान ग्रामीण डरे हुए हैं। मिली जानकारी के अनुसार बीती रात ग्राम मुगनापार निवासी बाइक चालक लीलाधर सहारे रात्रि के समय अपने घर जा रहा था।

वही अचानक रास्ते में तेंदुए ने बाइक चालक पर हमला करने की कोशिश की,परंतु युवक जान बचाकर अपनी गांव पहुंच गया,तेंदुये के द्वारा हमला करने की जानकारी युवक ने ग्रामीणों को देने के बाद में ग्रामीणों के द्वारा मोहगाव हवेली वन विभाग के अधिकारियों क्षेत्र में तेंदुआ होना और युवक पर हमले की सूचना दी।परंतु मोहगांव हवेली में पदस्थ वन विभाग के कर्मचारियों के द्वारा घटना को गंभीरता से ना लेते हुए नजरअंदाज किया गया। ग्रामीणों के द्वारा बार-बार सूचना



देने के बाद अधिकारियों के द्वारा गंभीरता नहीं दिखाई गईजिसके शिकायत ग्रामीणों के द्वारा वन विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों को की,जिसके बाद में रविवार को सुबह वन विभाग के वन अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर तेंदुए की सर्चिंग की, इस दौरान मोहगांव मुगनापार क्षेत्र में तेंदुए के पगमार्ग नजर आए हैं।

ग्रामीणों ने बताया कि तेंदुए क्षेत्र में विचरण की जानकारी वन विभाग मोहगांव के कर्मचारियों को रात्रि में देने के बाद भी वन अधिकारियों के द्वारा कोई सहयोग नहीं किया गया है। मोहगाव हवेली क्षेत्र में तेंदुए के दस्तक के बाद में ग्रामीण एवं किसानों में डर बना हुआ है,वन विभाग के अधिकारियों के द्वारा तेंदुओं के लेकर रात्रि में गस्त बढ़ाते हुए किसानों को रात्रि के समय में खेतों में बने हुए कोठों में नहीं रहने को लेकर अपील की है।

### बसंत कॉलोनी में हुआ संगीतमय सुंदरकांड का महापाठ

छिंदवाड़ा। श्री सुंदरकांड ग्रुप छिंदवाड़ा द्वारा श्री सुनील सिंह रघुवंशी जी के निजनिवास बंसत कॉलोनी छिन्दवाड़ा,में संगीतमय सुंदरकांड का महापाठ भी किया गया। इस अवसर पर ग्रुप के प्रमुख अधिवक्ता शुभम कसार,अक्षय ठाकुर,अंश पटेल,कैलाश उइके,पलक उईके,अनय कसार,प्रदीप भारती,कमलेश सूर्यवंशी,परमजीत सिह,संतोष वंशकार,रानू साहू,वंश झरवड़े,अंकित शर्मा,शिव सिकन्दरपूरे,सचिन साहू,विक्की नोथानी,प्रणय सातनकर,शिवांश चौधरी,दशरथ वर्मा,उमेश वंशकार,जित्तू यादव,सोनू जी,जय चंद्रवंशी,संग्राम नागवंशी,सुंनु वंशकार,प्रवीन तिवारी,प्रशांत तिवारी,प्रतीक चोवितकर,राहुल बातरे,दिलीप चौधरी,साहिल मालवीय,रनवीर मालवीय,प्रहलाद पटेल,राजेश बुनकर,अर्जुन ठाकुर,दीपक यादव,पप्पू वंदेवार,बलराम वंदेवार,आदेश मिश्रा,दुर्गेश चंदेल,राहुल निर्मलकर,दिवाकर मालवीय,अभिषेक ठाकुर,हर्षित पटेल,शिवा पटेल,शेंकी पटेल,नयन पटेल जी,गौरब पटेल,चंचलेश मालवीय,अंकित वसूले,मनोहर रघुवंशी,हर्षित साहू,नितेश नागवंशी,अनित साहू,विनय सानोडिया एवं समस्त ठाकुर परिवार के साथ साथ समस्त वार्डवासी उपस्थित रहे।

### जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं विजय कुमार जोशी पिता स्व. नारायण प्रसाद जोशी, दादा स्व. दौलतराम जोशी द्वारा दिनांक 14 दिसंबर 2024 को मंगलवती यादव पिता धीरन यादव, दादा ब्रजलाल यादव, माँ सुकरती यादव, निवासी डोह दबक उमरेठ, तहसील परासिया, जिला छिंदवाड़ा से राम मंदिर में विवाह कर लिया है और विवाह का पंजीयन भी करा लिया गया है। कृपया सूचना जानिए।

विजय कुमार जोशी

जन्मदिन उत्सव
महाबम्पर ड्रा
सूचना
हरिभूमि के सुधि पाठकों को सूचित किया जाता है कि पाठकों के लिए जन्मदिन उत्सव योजना चलायी गयी थी। जिसमें भाग्यशाली पाठकों के उपहार वितरण की सूचना समाचार पत्र में प्रकाशित किया जायेगा।

### कलेक्टर एवं रजिस्ट्रीकरण अधिकारी की बडी भूमिका

# एसआईआर में पांढुर्ना विधानसभा का मैपिंग 99 %

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पांढुर्णा



आज तक एसआयआर अर्थात मतदाता सूची शुद्धिकरण अभियान में पांढुर्ना जिले का प्रदर्शन बेहतरीन रहा है। विश्वस्त सूत्रों के अनुसार पांढुर्ना जिले में लगभग 95 % तथा विधानसभा क्षेत्र में 99 % मतदाताओं का भौतिक सत्यापन किया जा चुका है। पांढुर्ना नगर में 85 % से अधिक मतदाता अब तक सत्यापित हो चुके है। सौंसर नगर का भी प्रदर्शन भी मिलता जुलता ही बताया गया है।

सूत्रों ने बताया कि महाराष्ट्र के अमरावती, चंद्रपुर और कुछ अन्य जिलों की मतदाता सूचियां ऑनलाईन अपलोड नहीं है अनेक मतदाताओं की मैपिंग नहीं हो पा रही है। गौरतलब है कि पांढुर्ना और सौंसर में ब्याह कर महाराष्ट्र से आई महिलाएं बडी संख्या में है। इन महाराष्ट्रीय बहुओं और कुछ पुरूषों की वजह से मैपिंग में रूकावटें आ रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार महाराष्ट्र के कारण उपजी इन तकनीकी समस्याओं के जल्द निराकरण हेतु कलेक्टर नीरज कुमार वशिष्ठ कई मर्तबा राष्ट्रीय निर्वाचन आयोग दिल्ली के अधिकारियों से बात कर चुके है। इनकी लगातार जारी कोशिशों के चलते ही महाराष्ट्र के अनेक जिलों की मैपिंग होना शुरू हो पाया है।

दूसरी तरफ रजिस्ट्रीकरण निर्वाचक अधिकारी अलका एक्का ने एसआयआर में लगे बीएलओ और अन्य कर्मचारियों से पिछले दिनों लगातार बैठकें कर उनका उचित मार्गदर्शन किया है। इसके अलावा अलका एक्का का पूरे विधानसभा क्षेत्र में भ्रमण कर मौके पर बीएलओ और मतदाताओं से मुलाकातों और चर्चाओं एवं समाधान का दौर लगातार जारी है। पांढुर्ना जिले द्वारा एसआयआर में किए गए उल्लेखनीय प्रदर्शन में रजिस्टीरकण निर्वाचक अधिकारी अलका एक्का द्वारा निर्णायक भूमिका अदा की जा रही है।

## आज होगा प्रांतीय स्वदेशी संकल्प यात्रा का पांढुर्ना से शुभारंभ

**पांढुर्णा।** कल 1 दिसंबर को दोपहर 12 बजे जयस्तंभ चौक से प्रांतीय स्वदेशी संकल्प यात्रा का शुभारंभ होने जा रहा है। इस बारे में आज अखिल भारतीय व्यापारिक संघ के प्रदेश महामंत्री एवं स्वदेशी संकल्प यात्रा मध्यप्रदेश के प्रभारी राजीव खंडेलवाल ने बताया कि महाराष्ट्र और छत्तीसगढ में यह यात्राएं पहले ही शुरू हो चुकी है। मध्यप्रदेश में इस रथ यात्रा का आरंभ पांढुर्ना जिले से होने जा रहा है। पांढुर्ना से संकल्प यात्रा के 2 रथ चलेंगे, 1 रथ सौंसर होते हुए बालाघाट और दूसरा रथ मुलताई होते हुए आगे रवाना होगा। राजीव खंडेलवाल ने कहा कि 2014 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वोकल टू लोकल, आत्मनिर्भर भारत और स्वदेशी अपनाओ का नारा दिया था। मुख्य बात यह है कि स्वदेशी अपनाए बिना भारत आत्मनिर्भर नहीं बन सकता।



सरकार की अपनी सीमा है, इसलिए जब तक देश के उपभोक्ता स्वयं आगे बढकर स्वदेशी उत्पाद नहीं अपनाएगा तब तक यह अभियान सफल नहीं होगा। स्वदेशी संकल्प रथयात्रा प्रदेश के अधिकांश शहरों, चौक, तिराहों और मुख्य बाजारों से होकर गुजरेगी। इस अवसर पर प्रमुख स्थानों पर छोटी छोटी सभाएं भी आयोजित की जाएगी। इस मौके पर स्वदेश संकल्प यात्रा संभाग प्रभारी मंजीत सिंह, जिला व्यापारिक संघ अध्यक्ष सुभाष बुधराजा, नगर मंडल अध्यक्ष बंटी छागानी, भूपेंद्र करेरा, पंकज नाईक, महामंत्री माधव पाटिल, हम फाउंडेशन अध्यक्ष दिलीप मठकर और अनेक मौजूद रहे।

## सांसद खेल महोत्सव प्रतियोगिता में बच्चों ने दिखाएं हुनर



**सौंसर।** सांसद खेल महोत्सव का संकुल केंद्र शासकीय उच्चतर विद्यालय पिपला नारायणवार मैं समापन कार्यक्रम का आयोजन किया गया खेल में शामिल प्रतिभागियों को अतिथियों के हंसते पुरस्कृत किया कार्यक्रम की अध्यक्षता संकुल प्राचार्य गणेश प्रजापति की मुख्य अतिथि के रूप में मंडल भाजपा अध्यक्ष सदानंद डोंगरे मंडल खेल प्रभारी संदीप केने राजेश चेडगे, प्रवीण माहेश्वरी आदि थे। सांसद खेल महोत्सव में हुई जलेबी दौड़ प्रतियोगिता में बालक में आदर्श धुर्वे विराज मसराम अंतिम धुर्वे वही बालिकाओं में मुस्कान पावनकर, दीक्षा बंसोड़,वेदिका वाडिवा,बोरा दौड़ प्रतियोगिता में जीवन अहाके, नकुल उईके, ऋषभ उईके, अन्यया धुर्वे, नैना धुर्वे कोमल उईके, वही चम्मच दौड़ में प्रार्थना धुर्व, मोनिका बारंगे, 100 मीटर दौड़ में हंस राजूके,करण आहाके, अभिषेक कवड़ेती, पूर्वी सलामें, अश्विन धुर्वे माही मानमोड़े, 200 मीटर दौड़ में राकेश मडके शिवम धुर्वे प्रतीक प्रतिनिधि ने बाजी मारी वही क्रिकेट खो खो प्रतियोगिता में भी क्षेत्र के स्कूलों के बच्चों ने बाजी मार कर स्कूलों का नाम रोशन किया है।खेल प्रतियोगिता में एपीएस शासकीय माध्यमिक शाला रिधोरा के छात्रों ने प्रथम स्थान प्राप्त किया है। जिसमें मुस्कान पावनकर प्रथम तथा समीर धुर्वे प्रथम आने पर खेल प्रभारी राजेंद्र सरवरे,किशोर चौधरी,सीएसी विजय मोहोड, प्रधान अध्यापक आचार्य प्रेमराज लांडे,ज्योति देशभ्रतार ,वनिता तिजारे , दीपाली ठाकरे,धर्मवीर रघुवंशी सभी ने छात्रों को शुभकामनाए बधाई दी।

# सौंसर क्षेत्र में मन की बात कार्यक्रम में जुटे ग्रामीण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सौंसर

सौंसर नगर के साथ ग्रामीण क्षेत्रों में शनिवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम का आयोजन किया गया इस दौरान बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ताओं के सौसर विधानसभा के अंतर्गत आने वाले विभिन्न बूथों ओर ग्रामो में कार्यक्रम को आयोजित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा दिए गए संदेश को सुना,ग्राम पंचायत रामाकोना में बूथ अध्यक्ष एवं कार्यकर्ताओं द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मन की बात कार्यक्रम का 128 वा एपिसोड सुना और देखा,इस दौरान रामकोना मंडल के सभी 41 बूथों पर सफलतापूर्वक पूर्वक संपन्न कार्यक्रम संपन्न किया गया, इस दौरान सौसर नगर में मंडल भाजपा अध्यक्ष दर्शन झाडे के नेतृत्व में 23 स्थानो पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के मन की बात कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान जिला भाजपा अध्यक्ष संदीप मोहड़, सौसर नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती सुरेखा इंदरचंद डागा, नगर पालिका सौसर उपाध्यक्ष विनोद जुनघरे, के अलावा बड़ी संख्या में भाजपा नेताओं ने उपस्थित होकर मां के बाद कार्यक्रम को सुना देखा।

## प्रिया राहुल मोहोड़ बनी डॉक्टर एसोसिएशन की अध्यक्ष




**सौंसर।** हाल ही में डॉक्टर एसोसिएशन की नई कार्यकारिणी का गठन एक बैठक के साथ में किया गया, कार्यक्रम में उपस्थित सदस्यों ने स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र में सकारात्मक परिवर्तन लाने और समाजहित में नई ऊर्जा के साथ कार्य करने का संकल्प लिया।नवगठित कार्यकारिणी में सर्वसम्मति से अध्यक्ष डॉ. प्रिया राहुल मोहोड,सचिव,डॉ. सुप्रिया नखाते, उपाध्यक्ष डॉ. जुबेर मंसूरी, कोषाध्यक्ष,डॉ. शीतल राठी – सहकोषाध्यक्ष,डॉ. सोनिका सूर्यवंशी सहसचिव डॉ. दुर्बेंद्र वासनिक का चयन सर्वसम्मति से किया गया।कार्यक्रम मे डॉ. जितेंद्र यादव ने नई कार्यकारिणी को शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि डॉक्टर केवल रोगों का नहीं, बल्कि समाज के विश्वास का भी उपचार करते हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. शास्त्री, ने की,इस दौरान डॉ. जयंत काले डॉ. चंद्रशेखर गजभीये ने नई टीम को मार्गदर्शन देते हुए सेवा, समर्पण और ईमानदारी के मूल्यों पर आगे बढाने की बात कही। कार्यक्रम का संचालन डॉ. श्याम क्षीरसागर ने किया।

## सौंसर में हुआ मरीजों का निःशुल्क बीएमडी चेकअप



**सौंसर।** नगर के साप्ताहिक बाजार चौक में रविवार को में निशुल्क रोग निदान शिविर का आयोजन किया गया। डॉ शुभम शिंदे क्लीनिक परिसर में हुए स्वास्थ्य शिविर में बड़ी संख्या में नगर के अलावा ग्रामीण क्षेत्र से मरीज ने पहुंचकर निशुल्क जांच एवं उपचार प्राप्त किया शिविर में नागपुर के डॉक्टरों द्वारा ऑर्थोपेडिक से संबंधित निशुल्क चिकित्सा जांच की गई है। शिविर में 206 लोगों का पंजीयन कर निःशुल्क बीएमडी चेकअप किया गया, शिविर आयोजक डॉ शुभम शिंदे ने बताया निशुल्क शिविर में बड़ी संख्या में नगर के अलावा ग्रामीण क्षेत्र से लोगों ने पहुंचकर निशुल्क उपचार मार्गदर्शन प्राप्त किया साथ ही लोगों के शरीर में हड्डियों में होने वाली विकृति का पता जांच से किया गया,इस संबंध में लोगों को जागृत किया गया, भविष्य में भी इसी परिसर में इस प्रकार के निशुल्क जांच शिविर का आयोजन करते हुए क्षेत्र वासियों को स्वास्थ्य सुविधाएं एवं महानगरों के डॉक्टर के द्वारा जांच की जाएगी। शिविर में नागपुर से आये डॉ साहिल लाला,डॉआशीष आसुदानी डॉ राघव लड्डा, डॉ देवांश लोहिया द्वारा निशुल्क क्षेत्र के मरीजों को चिकित्सा सलाह पचार और सुझाव दिए गए । शिविर में लगभग 239 लोगो महिलाओं ने अपना उपचार जांच करते हुए मार्गदर्शन प्राप्त किया है।

# महिला सुरक्षा एवं बेटियों को बचाने के लिए छात्राओं को किया जागरूक




**छिंदवाड़ा ।** समाज मे आज भी बेटी की अपेक्षा बैटा की प्राथमिकता पर बल दिया जा रहा हे परिवार मे बेटी का जन्म ना हो इस हेतू प्रसव केंद्रों मे अल्ट्रा सोनो ग्राफी मशीन के माध्यम से गर्भ मे लिंग निर्धारित की सहज उपलब्धता इस समस्या को ओर भी बढ़ावा दिया हे ।गर्भवती महिला के भ्रूण की जांच के दोरान बेटी के होने पर भ्रूणहत्या कर जघन्य अपराध कर रहे हे । बेटी का जीवन मे कितना महत्व हे इस विषय की जानकारी देने , बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना अंतर्गत जिला कार्यक्रम अधिकारी बृजेश कुमार शिवहरे के मार्गदर्शन में जन जागरूकता कार्यक्रम शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल सारना विकास खंड छिंदवाड़ा. मे प्राचार्य भारती त्रिवेदी ,की उपस्थिति मे किया गया । इस अवसर पर मास्टर ट्रेनर श्यामल राव ने छात्रो को सम्बोधित करते हुए बताया की इस हब के माध्यम से महिलाओं के सशक्तिकरण के उद्धेश्य से महिलाओं के साथ हो रही घरेलू हिंसा से पीड़ति महिलाओं, शासन से मिलने वाली योजनाओं , सुविधाओं, ओर सरकारी मदद के बारे मे जानकारी देकर सहायता करना, एवं महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देना है । वही बेटीयो के लिंगानुपात के अंतर मे कमी आये जिसके लिए बेटीयो को बचाने किशोरियों को प्रशिक्षण देकर सशक्त करने का कार्य किया जा रहा हे ताकि विवाह उपरांत जीवन जीने का अधिकार का उपयोग कर स्वंय की सुरक्षा के साथ जन्मे बेटी का जीवन सुरक्षित कर सके जिससे की जिले के लिंगानुपात मे कमी लाई जा सके । इस दौरान छात्रो को समाज मे जागरूकता लाने नाबालिग बच्चों एवं परिजनों को बेटी बचाओ बेटी पढाओ की कल्पना को साकार करने निरंतर आमजनों को प्रेरित करे साथ ही बच्चों के साथ हो रहे शोषण रोकने के लिये पाक्सो एक्ट, ओर महिला सुरक्षा कानून का अधिक से अधिक प्रचार प्रसार करने की पहल छात्र करे । , भारती त्रिवेदी ने कहा कु बेटी बचाओ ,बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत सभी के माता पिता बेटियो के जन्म पर हर्ष मनाये, बेटियो को भेदभाव रहित व्यवहार के साथ पोषित करना ओर उन्हें विकास व शिक्षा का अवसर उपलब्ध कराने अपनी ओर से पहल करे,क्योंकि बेटी होती हे जगत जननी इनकी सुरक्षा हेतु विशेष पहल होनी चाहिए। , आयोजित प्रशिक्षण को सफल बनाने मे प्राचार्य भारती त्रिवेदी , शिक्षक एम पी परतेती, उर्मिला सिरगोत्री,सोनाली विशकर्मा, गीता परतेती,महिला एवं बाल विकास विभाग से शैलेंद्र शुक्ला, का सहयोग रहा।

# पीजी कॉलेज में छात्र-छात्राओं को बताए गए यातायात के नियम



हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

प्रधानमंत्री कॉलेज आफ एक्सीलेंस शासकीय जटाशंकर त्रिवेदी स्नातकोत्तर महाविद्यालय बालाघाट में प्राचार्य डॉ अशोक कुमार मराठे के मार्गदर्शन में 28 नवंबर को वर्तमान में हो रही वाहन दुर्घटना एवं यातायात के नियमों के संरक्षण के लिए कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में छात्र-छात्राओं को यातायात के नियमों एवं रोड पर चलते समय गति और सावधानियां का पालन करने के के बारे में यातायात थाना बालाघाट के थाना प्रभारी सूबेदार यीना रहांगडाले द्वारा जानकारी प्रदाय की गई।

कार्यशाला में यातायात प्रभारी सूबेदार राहंगडाले ने यात्री सुरक्षा एवं उसके उपाय पर छात्र-छात्राओं को मार्गदर्शन दिया। उन्होंने वाहन बीमा एवं वाहन चलाते समय वाहनों पर लगाए जाने वाली नंबर प्लेट, लाईट, संकेतक तथा प्रदूषण नियंत्रण किट का पालन करने संबंधी दिशा निर्देशों के बारे में विस्तृत रूप से बताया। सरकार द्वारा की चलाई जा रही राह वीर योजना के बारे में भी बताया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य ने युवाओं को यातायात के नियम का पालन करने और अपने पास पड़ोस के लोगों से यातायात संरक्षण संबंधी नियमों का पालन करने का संदेश प्रेषित किया गया और भविष्य की होने वाली दुर्घटनाओं से बचने का उपाय बताया गया ।

## आज से समर्थन मूल्य पर धान की खरीदी होगी प्रारंभ

**बालाघाट।** किसानों को उनकी उपज का वाजिब दाम दिलाने तथा उन्हें दलालों व बिचौलियों के शोषण से बचाने के लिए प्रदेश सरकार द्वारा खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी के व्यापक इंतजाम किए गए हैं। बालाघाट जिले में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी के लिए कलेक्टर श्री मृणाल मीना द्वारा खरीदी केन्द्रों का निर्धारण कर दिया गया है। धान की खरीदी 01 दिसंबर 2025 से प्रारंभ की जायेगी, जो 20 जनवरी 2026 तक चलेगी। समर्थन मूल्य पर धान की खरीदी 2369 रुपए प्रति क्विंटल की दर से की जाएगी। जिले के सभी केन्द्रों पर समर्थन मूल्य पर धान की खरीदी के लिए सभी आवश्यक तैयारियां कर ली गई है।

# येरवाघाट के तालाब में मिले जेठ-बहू के शव

## हत्या या आत्महत्या, पुलिस कर रही विवेचना

हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।



रामपायली पुलिस थाने के ग्राम येरवाघाट के एक तालाब में महिला-पुरुष का शव मिलने से सनसनी फैल गई। ग्रामीणों द्वारा तालाब में शव को देखने के बाद रामपायली पुलिस को सूचना दी गई, जिस पर एसडीओपी अभिषेक चौधरी व रामपायली थाना प्रभारी दीपक आर्य पुलिस बल के साथ घटना स्थल पर पहुँचे और दोंनो के शव को तालाब से बाहर निकाल कर उसका पंचनामा बनाया गया और शवों को पोस्टमार्टम के लिए रामपायली अस्पताल भेजा गया।

तालाब से शव मिलने के बाद पुलिस द्वारा की गई छानबीन में यह बात उभर कर सामने आई कि दोनों शव ग्राम सालेबर्डी वार्ड नम्बर 11 निवासी प्रकाश पिता रोशनलाल रहांगडाले 45 वर्ष व सीमा पति अजय रहांगडाले 37 वर्ष के है, जो रिश्ते में जेठ व भाई बहू है। जानकारी अनुसार दोनों 29 नवम्बर की दोपहर में भोजन करने के उपरांत बाईक से अपने घर से निकले थे। लेकिन शाम तक घर नहीं पहुँचने पर परिजनों ने उनकी खोजबीन प्रारंभ की, किंतु उनके नहीं मिलने पर उनके द्वारा रामपायली पुलिस थाने में सूचना दी गई। जिस पर पुलिस ने भी खोजने का प्रयास किया।

रविवार की सुबह ग्राम येरवाघाट के कुछ ग्रामीणों ने जब गॉव के तालाब के पास एक बाईक को खड़ी देखा, तो उन्होंने खोजबीन प्रारंभ की, तो उन्हें तालाब में तैरते हुए दो शव दिखाई दिए। जिस पर तालाब के किनारे ग्रामीणों की भीड़ एकत्रित हो गई और शव मिलने की जानकारी रामपायली पुलिस को दी गई। जिसके बाद एसडीओपी अभिषेक चौधरी, थाना प्रभारी दिलीपमौर्य पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुॅचे और तालाब से शव को निकाल कर उसका पंचनामा कार्यवाही कर रामपायली अस्पताल भेजा गया। इस दौरान की गई खोजबीन से ही दोनों मृतकों के ग्राम सालेबड़्री निवासी होने का पता चला और फिर परिजनों को बुलाकर जानकारी दी गई।

फिलहाल रामपायली पुलिस ने घटना में मर्ग कायम कर इस बात का पता लगाने का प्रयास कर रही हैं कि दोनों मृतकों ने आत्महत्या की है या फिर उनकी हत्या की गई हैं। वहीं दोनों जेठ-बहू के बीच क्या संबंध थे, जिसके कारण दोनों एक साथ ही मृत पाये गये है। इन सब बातों की पुलिस अधिकारी गंभीरता से विवेचना कर रहे है।

## आज खैरलांजी में सरपंच संघ की बैठक का होगा आयोजन

**खैरलांजी।** खैरलांजी मुख्यालय में आज 1 दिसंबर सोमवार को खैरलांजी सरपंच संघ अध्यक्ष पुष्पेद्र देशमुख की अध्यक्षता में जनपद पंचायत के सभाकक्ष में जनपद के अंतर्गत आने वाले सरपंचो की बैठक आयोजित कि जाएगी। यह जानकारी खैरलांजी सरपंच संघ के मीडिया प्रभारी ग्राम पंचायत बैजू मोहगांव के सरपंच मोहित कटरे के द्वारा दी गई। उन्होंनो बताया की खैरलांजी सरपंच संघ की बैठक आज सोमवार को जनपद पंचायत सभा हाल आयोजित की जाएगी बैठक में पूर्व व नए सरपंचों का मानदेय वेतनमान सबंधित विषय एंव मनरेगा को लेकर चर्चा की जाएगी एंव सरपंच संघ अध्यक्ष पुष्पेद्र देशमुख के द्वारा बताया गया की आज बैठक में पूर्व व नए सरपंचो के मानदेय एंव मनेरेगा के भुगतान सहित अन्य विषयो पर चर्चा की जाएगी।

### संघ के 100 सालः समाज सहयोग से संघ शताब्दी यात्रा सुगम बनी

# राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का वृहद गृह संपर्क अभियान हुआ शुरू

**हरिभूमि न्यूज लांजी ।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की शताब्दी वर्ष के कार्यक्रमों की श्रृंखला में सबसे बड़ा अभियान शनिवार से देशभर में शुरू हो गया है, जो 30 दिनों तक चलेगा। आरएसएस का अब तक का यह सबसे बड़ा गृह संपर्क अभियान है। जिसमें संघ के स्वयंसेवक हिन्दू परिवारों में संपर्क करने में जुट गए है। संघ के इस अभियान की तैयारियों को लेकर रविवार को लांजी खण्ड के नगर में गृह सम्पर्क का आयोजन किया गया। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ खंड कारवां योगेंद्र दहिकर ने बताया कि बृहद ग्रह संपर्क के दौरान संघ द्वारा किए जाने वाले देशभक्ति और समाज सेवा के कार्यों की चर्चा की गई और संघ के उद्देश्य के बारे में बताया गया।संघ जातीय भेदभाव व छोटे-बड़े का भाव खत्म करके संपूर्ण हिन्दू समाज को समरस बनाना चाहता है। वृहत ग्रह संपर्क कार्यक्रम में एक थैला भी दिया गया हैं। जिसमें संघ की 100 वर्ष की यात्रा का वर्णन करती पुस्तकें व पत्रक रखे हैं जो गृह सम्पर्क के दौरान परिवारों में दिए जा रहे हैं। इस दौरान विजय रामटेक्कर खंड संघ चालक, योगेंद्र दहिकर खंड कारवां, मनोज किरनापुरे नगर कारवां, वहीं जिला कार्यकारिणी से रमेश आसटकर सह पर्यावरण प्रमुख, तुकाराम बारेकर उपखंड कारवां घोटी, बाबूराव आसटकर सुखपाल भर्रे, राजू बिलगौर, रवि पांचे उपखंड कारवां कारंजा एवं खंड टोली के सभी स्वयं सेवक प्रमुख मौजूद रहे। रविवार को लांजी नगर में स्वयंसेवकों के द्वारा हिन्दू परिवारों में जाकर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की 100 वर्ष की सेवा यात्रा के बारे में चर्चा की गई और संघ द्वारा चलाये जाने वाले सेवा कार्य तथा भेदभाव रहित समाज निर्माण के कार्यों को परिवारों में बताया गया। संघ के स्वयंसेवक, समाज परिवर्तन के पांच बिंदुओं सामाजिक समरसता, परिवार प्रबोधन, पर्यावरण संरक्षण, स्व का बोध और नागरिक कर्तव्य पर भी चर्चा की तथा आदर्श हिन्दू परिवार बनाने और जातिदम्भ त्यागकर पूर्ण समरसता युक्त समाज बनाने में सहयोग का भी आग्रह किया गया। वहीं नगर कारवां मनोज किरनापूरे के द्वारा बताया गया कि



राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (RSS) अपने शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में एक विशाल गृह संपर्क अभियान चला रहा है, जिसका उद्देश्य 2025 के अंत तक 20 करोड़ परिवारों तक पहुंचना है। इस अभियान के तहत, स्वयंसेवक घर-घर जाकर ₹पंच परिवर्तन₹ का आह्वान कर रहे हैं, जिसमें सामाजिक समरसता, पर्यावरण संरक्षण, कुटुंब प्रबोधन, स्वदेशी जीवन और नागरिक कर्तव्य शामिल हैं। इस अभियान में प्रत्येक घर में भारत माता का चित्र, पत्रक और संघ साहित्य वितरित किया गया। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के खंड संघ चालक विजय रामटेक्कर ने बताया कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (RSS) अपने शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में पूरे देश में एक वृहद गृह संपर्क अभियान चला रहा है, जिसका मुख्य उद्देश्य संघ के विचार और सेवा कार्यों को लोगों तक पहुंचाना है। इस अभियान के तहत, स्वयंसेवक के द्वारा लांजी नगर में घर-घर जाकर संघ के साहित्य और मां भारती का छायाचित्र वितरित की जा रही है। इसका लक्ष्य हिंदू परिवारों से जुड़ना, सामाजिक समरसता को बढ़ावा देना और राष्ट्रीय एकता की भावना को मजबूत करना है।

# जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक में कलेक्टर ने की स्वास्थ्य एवं महिला बाल विकास योजनाओं की समीक्षा

**बालाघाट।** कलेक्टर श्री मृणाल मीना ने 28 नवंबर को जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक में स्वास्थ्य विभाग एवं महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारियों की बैठक लेकर स्वास्थ्य एवं महिला बाल विकास से संबंधित योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री अभिषेक सराफ, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ परेश उपलप, महिला एवं बाल विकास विभाग की जिला कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती दीपमाला मंगोदिया, विकासखंड के सभी खंड चिकित्सास अधिकारी एवं बीपीएम उपस्थित थे। सभी बाल विकास परियोजना अधिकारी वीडियो कांफ्रेस के माध्यम से बैठक में उपस्थित थे।

बैठक में स्वास्थ्य विभाग के कार्यों एवं योजनाओं की समीक्षा के दौरान अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि गर्भवती माताओं का एएनसी पंजीयन शत प्रतिशत होना चाहिए। बिरसा विकासखंड में गत वर्ष की तुलना में वर्ष 2025 में कम संख्या में गर्भवती माताओं का एएनसी पंजीयन होने पर नाराजगी जाहिर की गई है और पंजीयन से शेष रह गई गर्भवती माताओं का शीघ्रता से पंजीयन कराने के निर्देश दिये गये। गर्भवती माताओं के पंजीयन के लिए समग्र आईडी प्राप्त करने संबंधित ग्राम पंचायत एवं जनपद सीईओ से सम्पर्क करने के निर्देश दिये गये। बिरसा विकासखंड में शेष गर्भवती माताओं का एएनसी पंजीयन शीघ्रता से नहीं होने पर वहां के बीपीएम को उसकी संविदा अवधि समाप्ति करने की चेतावनी दी गई। महिलाओं में एनीमिया की जांच के लिए हिमोग्लोबिन टेस्ट की समीक्षा के दौरान बताया गया कि जिले में 28 हजार 325 महिलाओं की जांच की गई है। जिसमें 16 हजार 910 महिलाओं में हिमोग्लोबिन 07 से 11 पाया गया है। 555 महिलाओं में हिमोग्लोबिन 07 से कम पाया गया है। वर्ष 2025 में जिले में 12 हजार 814 संस्था गत प्रसव हुए है। जिला चिकित्सालय की एसएनसीयू में वर्ष 2025 में 1577 नवजात शिशुओं को भर्ती कर उनका उपचार किया गया है।

बैठक में कलेक्टर श्री मीना ने एनीमिया से ग्रसित महिलाओं के उपचार एवं उनका हिमोग्लोबिन बढ़ाने के लिए विशेष प्रयास करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि प्रसव के दौरान मातृ-शिशु मृत्यु नहीं होना चाहिए। गर्भवती माताओं एवं शिशुओं के नियमित टीकाकरण पर विशेष ध्यान देने कहा गया। सिकलसेल के मरीजों की पहचान के लिए अधिक से अधिक बच्चों, युवाओं एवं वयस्कों की जांच की संख्यान बढ़ाने के निर्देश दिये गये। जिले के दूरस्थ क्षेत्र के ग्रामों में मलेरिया नियंत्रण के लिए प्रभावी कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये और कहा गया कि वन क्षेत्रों में बसे ग्रामों में शिविर लगाकर मलेरिया की जांच की जाये। मलेरिया से प्रभावित होने की संभावना वाले ग्रामों में मेडिकेटेड मच्छरदानी का वितरण करने के निर्देश दिये गये। क्षय नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत क्षय रोग से ग्रसित लोगों की पहचान के लिए एक्स-रे जांच कराने के निर्देश दिये गये। क्षय रोगियों को उपचार में मदद के लिए जिला स्तर पर सभी विभागों के अधिकारियों की ओर से फुड बास्केट वितरण कराने कहा गया। इसी तरह से ब्लाक स्तर पर भी प्रयास करने के निर्देश दिये गये।

## खबर संक्षेप

### महाकौशल प्रांत में प्रारंभ हुआ संघ का व्यापक गृह संपर्क अभियान

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के पावन अवसर पर देश भर में व्यापक गृह संपर्क करने की योजना है। इस निमित्त महाकौशल प्रांत में भी रविवार 30 नवंबर 2025 से व्यापक गृह संपर्क अभियान का शुभारंभ किया गया। महाकौशल प्रांत के प्रांत प्रचार प्रमुख विनोद दिनेश्वर द्वारा बताया गया कि प्रांत के 10 विभाग तथा 34 जिलों के 23914 ग्राम और नगरीय क्षेत्र की 894 बस्तियों के 65 लाख से अधिक परिवारों तक गृह संपर्क किया जाएगा। इसी क्रम में संघ संरचना अनुसार सिवनी और लखनादौन जिलों के सभी 13 खंडों 4 नगरों 1619 ग्रामों के 2 लाख 30 हजार परिवारों में संपर्क किए जाने का लक्ष्य रखा गया है।

हर घर तक संपर्क हो सके कोई भी घर न छूटे इस दृष्टि से 5-5 संघ स्वयंसेवक तथा विविध क्षेत्र के कार्यकर्ताओं को साथ लेकर जिले में 550टोलियों का निर्माण किया गया है। प्रत्येक टोली में 2 मातृशक्तियों को भी जोड़ा गया है।

संपर्क में प्रत्येक घर में भारत माता का स्टीकर लगाया जाएगा और संघ की जानकारी वाला एक पत्रक भी भेंट किया जाएगा। समाज परिवर्तन की दृष्टि से सामाजिक समरसता, कुटुंब प्रबोधन, पर्यावरण जागरूकता, स्वदेशीयुक्त जीवन शैली और नागरिक कर्तव्य जैसे विषयों की भी चर्चा करेंगे। व्यापक गृह संपर्क अभियान का उद्देश्य समाज की बातों को सुनना, समझना और संवाद स्थापित करना है।

# आज मनाया जायेगा गीता जयंती महोत्सव

**मध्यप्रदेश शासन एवं विश्वगीता प्रतिष्ठानम के निर्देशानुसार पूरे प्रदेश में इस वर्ष गीता जयंती महोत्सव का भव्य आयोजन किया जाएगा। शासन द्वारा जारी आदेशानुसार जिला, तहसील एवं विकासखण्ड स्तर पर सामूहिक गीता पाठ करने के निर्देश दिए गए हैं।**

### जिला मुख्यालय के साथ ही विकासखण्ड में आयोजित होगी विभिन्न गतिविधियां

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** इसी क्रम में सिवनी जिले में जिला स्तरीय कार्यक्रम कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले के निर्देशन में 01 दिसंबर 2025 को जिला मुख्यालय स्थित मिशन स्कूल मैदान में प्रातः 10 बजे से 1100 लोगों द्वारा गीता के 15वें अध्याय का सामूहिक कंठस्थ पाठ किया जाएगा। इसके साथ ही जिले के सभी विकासखण्ड एवं तहसील मुख्यालयों में 500 लोगों की भागीदारी के साथ सामूहिक गीता पाठ का आयोजन होगा।

कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले द्वारा कार्यक्रम के प्रभावी संचालन के लिए जिला स्तर पर जिला शिक्षा अधिकारी को नोडल अधिकारी बनाया गया है, वहीं मुख्य नगर पालिका अधिकारी, नगर पालिका परिषद सिवनी सहायक नोडल अधिकारी होंगे।

इसी तरह विकासखण्ड एवं तहसील स्तर पर संबंधित अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। इनके साथ संबंधित जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी को सहायक नोडल अधिकारी की जिम्मेदारी दी गई है।

# जिले में यूरिया, डी.ए.पी. एवं टी.एस.पी. उर्वरक की आगामी दिवसों में होगी आवक

**सिवनी।** कलेक्टर शीतला पटले के निर्देशानुसार सिवनी जिले में कृषकों को आवश्यक उर्वरक समय पर उपलब्ध कराने हेतु सतत प्रयास किए जा रहे हैं। प्राप्त रैक प्लान के अनुसार आगामी तीन दिवस में छिंदवाड़ा, जबलपुर एवं सिवनी रैक के माध्यम से जिले में विभिन्न उर्वरकों की आवक प्रस्तावित है। जबलपुर कच्छपुरा रैक से जिले को 90 मैट्रिक टन ट्रिपल सुपर फॉस्फेट (टी.एस.पी.) प्राप्त होगा, जिसे लखनादौन क्षेत्र की समितियों में भंडारित किया जाएगा। इसके अतिरिक्त छिंदवाड़ा जिले में लगने वाली ब्रह्मपुत्र कंपनी की रैक से सिवनी को 100 मैट्रिक टन यूरिया सहकारी क्षेत्र हेतु प्राप्त होगा, जिसका भंडारण देवघाट एवं सिवनी डबल लॉक केंद्रों पर किया जाएगा। सिवनी जिले में लगने वाली ब्रह्मपुत्र कंपनी की रैक से 1333 मैट्रिक टन यूरिया सहकारी क्षेत्र में उपलब्ध होना प्रस्तावित है। इसी प्रकार चंबल फर्टिलाइजर लिमिटेड की छिंदवाड़ा जिले में लगने वाली रैक से सिवनी जिले को 495 मैट्रिक टन डी.ए.पी. उर्वरक प्राप्त होगा। नेशनल फर्टिलाइजर्स लिमिटेड (हृस्नरु) की ओर से सिवनी जिले में ट्रिपल सुपर फॉस्फेट एवं अमोनियम फॉस्फेट सल्फेट (20:20:00:13) की रैक प्रस्तावित है, जिससे जिले को 1339 मैट्रिक टन अमोनियम फॉस्फेट सल्फेट, तथा 1339 मैट्रिक टन ट्रिपल सुपर फॉस्फेट सहकारी एवं निजी दोनों क्षेत्रों में उपलब्ध होगा। जिले में आगामी दिनों में उर्वरकों की सतत आवक सुनिश्चित की जा रही है। किसान भाइयों से संतुलित मात्रा में उर्वरकों के उपयोग तथा वैज्ञानिक पद्धति अपनाकर उन्नत कृषि उत्पादन प्राप्त करने की अपील की है।

# ज्ञानचंद सनोडिया बने राष्ट्रीय सह-संयोजक

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।**



अखिल भारतीय कुर्मी क्षत्रिय महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष वी. एस. निरंजन (पूर्व IAS ) के द्वारा राष्ट्रीय कार्यकारणी में कुछ महत्वपूर्ण नियुक्तियां की गई। राष्ट्रीय महासचिव डॉक्टर उमेश कुमार पटेल की हस्ताक्षर से जारी पत्र में सिवनी नगर पालिका के अध्यक्ष ज्ञानचंद सनोडीया को महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपते हुए उन्हें राष्ट्रीय सह-संयोजक (राजनीतिक प्रकोष्ठ) बनाया गया। उकताशय की जानकारी देते हुए कुर्मी छत्रिय समाज जिला सिवनी के महासचिव श्री जितेन्द्र सनोडिया द्वारा बताया गया कि है कि सिवनी नगर पालिका अध्यक्ष ज्ञानचंद सनोडीया कई वर्षो से कुर्मी क्षत्रिय समाज के माध्यम से समाज की सेवा कर रहे है। युवा अवस्था में उनकी लगन और समर्पण को देखते हुए समाज ने दो बार नव युवा मंडल के जिला अध्यक्ष जैसी महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपा जो लगभग 10 वर्षों तक इस पद का निष्ठापूर्वक निर्वहन किया । बाद में ज्ञानचंद सनोडीया कुर्मी क्षत्रिय समाज के जिला अध्यक्ष जैसे महत्वपूर्ण पद पर भी रहे। जितेन्द्र सनोडिया ने बताया कि वर्तमान में ज्ञानचंद सनोडीया प्रदेश के संगठन सचिव के महत्वपूर्ण दायित्व का निर्वहन कर रहे थे । समाज के प्रति अब तक की उनकी सेवाओं, कार्यशैली एवं समाजहित में निरंतर सक्रिय योगदान को देखते हुए उनके कार्य से प्रभावित होकर व्ही एस निरंजन पूर्व आई ए एस राष्ट्रीय अध्यक्ष ने ज्ञानचंद सनोड़िया को राष्ट्रीय सह-संयोजक (राजनीतिक प्रकोष्ठ) की जिम्मेदारी सौंपा है। ज्ञानचंद सनोडीया के द्वारा पूर्व में अपने छोटे भाई का विवाह समाज के आह्वान पर सामूहिक विवाह समारोह में सम्पन्न कराकर एक अच्छा संदेश भी दिया गया था। इसके अलावा समाज सुधार के प्रति उनकी संवेदनशीलता एवं जागरूकता इस बात से भी स्पष्ट होती है कि ज्ञानचंद सनोडीया ने मृत्यु भोज जैसी कुरीति को पूर्णतः त्यागकर, अपनी माता जी एवं छोटे भाई के निधन पर कोई मृत्यु भोज न कराकर सीधे श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित कराया।

यह कदम समाज सुधार और सकारात्मक परिवर्तन की दिशा में एक प्रेरणादायक उदाहरण के रूप में देखा जा रहा है। राष्ट्रीय स्तर पर मिली महत्वपूर्ण जिम्मेदारी के लिए ज्ञानचंद सनोडीया ने राष्ट्रीय पदाधिकारियों के साथ साथ प्रदेश अध्यक्ष राम खिलावन पटेल जी को भी धन्यवाद देते हुए आभार मानते हुए कहा कि प्रदेश अध्यक्ष खिलावन पटेल ने सदैव मेरा मार्गदर्शन किया और मुझ पर विश्वास प्रकट किया। ज्ञानचंद सनोडीया ने रमेश सनोड़िया (जिला अध्यक्ष, कुर्मी क्षत्रिय समाज, सिवनी) सहित सम्पूर्ण समाजजनों का भी हृदय से आभार व्यक्त किया जिन्होंने हर कदम पर स्नेह, समर्थन और विश्वास प्रदान किया।

# बरघाट पुलिस द्वारा अवैध मादक पदार्थ विक्रय के लिये ले जा रहे आरोपियों के विरूद्ध की गई कार्यवाही

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।**



पुलिस अधीक्षक सिवनी सुनील मेहता के द्वारा जिले मे चल रहे अवैध गतिविधियो पर नियत्रंण व वैधानिक कार्यवाही करने हेतु समस्त थाना। चौकी प्रभारीयो को निर्देशित किया गया है। दिनांक 30/011/25 को मुखबीर द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम सिहोरा थाना लालबर्रा जिला बालाघाट का रहने वाला जियाउल हक अपनी फोरव्हीलर कार क्रमांक एमपी 50 जेडजी 2025 सफेद रंग मे अवैध मादक पदार्थ गांजा बेचने के लिये सिवनी तरफ अपने एक साथी के साथ ग्राम सिहोरा से सिवनी तरफ जा रहा है।

उक्त सूचना की प्राप्ति पर पुलिस अधीक्षक सुनिल मेहता एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दीपक मिश्र के द्वारा निर्देशित करने पर अनुविभागीय अधिकारी पुलिस ललित गठरे के द्वारा थाना प्रभारी बरघाट को मय पुलिस स्टाफ के सूचना पर तत्काल कार्यवाही हेतु आदेशित किया गया। थाना प्रभारी बरघाट के नेतृत्व में तत्काल थाना स्तर पर पुलिस टीम द्वारा मूखबिर बताए गये अनुसार ग्राम जेवनारा हाई स्कूल के पास मेनरोड पर नाकाबंदी की गई जो उक्त बताये गये नम्बर की कार बालाघाट तरफ से आती दिखाई दी जो पुलिस को देखकर ग्राम जेवनारा हाई स्कूल के पास कुछ दूरी पर कार चालक ने कार को रोक दिया एवं कार को बालाघाट तरफ रिव्र्स करने का प्रयास कर रहा था जो पुलिस द्वारा हिकमातमली से कार चालक को मय कार के रोका गया। कार चालक से नाम पता पूछने पर अपना नाम जियाउलहक पिता हनीफ खान उम्र 43 साल निवासी ग्राम सिहोरा थाना लालबर्रा व चालक के साईड सीट पर बैठे व्यक्ति ने अपना नाम शफिक पिता रशिद खान उम्र 49 साल निवासी ग्राम कंजई थाना लालबर्रा जिला बालाघाट बताया जो कार को गवाहो के समक्ष चेक करने पर शफिक खान जिस सीट पर बैठा उस सीट के नीचे पारदर्शी पालीथीन से अवैध मादक पदार्थ गांजा जैसा पदार्थ मिला जिसे गवाहों के समक्ष तौल करने पर करीब 880 ग्राम मादक पदार्थ गांजा किमती करीब 9000 रूपये का पाया जो मौके पर अवैध मादक पदार्थ गांजा 880 ग्राम एवं परिवहन मे प्रयुक्त वाहन कार क्रमांक एमपी.50 जेडडी. 2025 गवाहो के समक्ष जप्त कर कब्जा पुलिस मे लिया गया। आरोपीगणो के विरूद्ध धारा 8/20 एनडीपीएस. एक्ट का पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है। आरोपीगणो के विरूद्ध विधिवित कार्यवाही की गई है। नाम पता आरोपीगण जियाउल हक पिता हनीफ खान उम्र 43 साल निवासी ग्राम सिहोरा थाना लालबर्रा जिला बालाघाट, शफिक पिता रशिद खान उम्र 49 साल निवासी ग्राम कंजई थाना लालबर्रा जिला बालाघाट जप्त संपत्ति (1) 880 ग्राम मादक पदार्थ गांजा किमती 9,000 रूपये। (2) टायसोर कार क्रमांक एमपी. 50 जेडजी. 2025 किमती 9,50,000 रूपये।

### सरहानीय कार्य

अनुविभागीय अधिकारी पुलिस ललित गठरे के मार्गदर्शन मे निरीक्षक मोहनीशसिंह बैस, सउनि. लुपेश राहंषडाले, आर. उमेन्द्र, आर. संजू, आर राजेन्द्र राजपूत व चालक आर चन्द्रदीप हिवारे का विशेष योगदान रहा।

## जिम्मेदारों की अनदेखी,नियम अनुसार सप्ताह में एक दिन बिना बैग के लगना था स्कूल

# फाइलों में सिमटकर फाइलों में सिमटकर रह गया नो बैग डे नियम!

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।**

मध्यप्रदेश सरकार ने स्कूलों में बच्चों के बैग के वजन को कम करने के लिए लोक शिक्षण संचालनालय (डीपीआई) ने स्कूल बैग पॉलिसी 2020 को सख्ती से लागू करने दिशा निर्देश जारी किए हैं। इसमें स्कूल को सप्ताह में एक दिन बिना बैग के स्कूल बुलाना होगा। दूसरी कक्षा तक के बच्चों को होम वर्क नहीं दिया जाएगा। ये दिशा निर्देश सभी सरकारी और निजी स्कूलों पर लागू हुए थे। इसके अनुसार पहली और दूसरी कक्षा में बच्चों के बैग के अधिकतम वजन की सीमा 2.2 किलो से ज्यादा नहीं होगी। तीसरी से पांचवी कक्षा तक अधिकतम वजन सीमा ढाई किलो, छठी और सातवीं कक्षा के लिए अधिकतम तीन किलो, छठी और सातवीं कक्षा के लिए अधिकतम तीन किलो, आठवीं कक्षा के लिए चार किलो, 9वीं और 10वीं के लिए साढ़े चार किलो और 11वीं और 12वीं के बैग के वजन की सीमा प्रबंधन समिति तय करेगी। सूत्रों की मानें तो शासन द्वारा बनाए गए नियम अब फाइलों में दबकर दफन होने की कगार पर है।

इन दिशा निर्देशों का पालन नहीं होने पर कार्रवाई की जिम्मेदारी जिला शिक्षा अधिकारी की होगी। वे हर तीन माह में स्कूलों में औचक निरीक्षण कर जांच करेंगे। दिशा निर्देशों के उल्लंघन पर कार्रवाई करेंगे, लेकिन अधिकारियों की अनदेखी के चलते कुछ चुनिंदा स्कूलों में ही नियम लागू है । जबकि कई ऐसे स्कूल अभी भी है । जिसमें यह नियमों की अनदेखी हो रही है। ऐसा नहीं है कि इसकी भनक जिम्मेदारों को नहीं है, लेकिन अधिकारियों की अनदेखी के चलते निजी स्कूल संचालकों द्वारा मनमानी की जा रही है। खासकर ग्रामीण अंचलों में यह नियम तो कहीं से कहीं लागू नहीं किए जा रहे हैं।

बच्चों के उज्जवल भविष्य को लेकर सरकार बेहद गंभीर है हर वर्ष तमाम योजनाओं के साथ साथ लाखों रुपए का बजट भी सरकार स्वीकृत करती है लेकिन उसके विपरीत शिक्षण व्यवस्था बेहद नाजूक स्थिति में है। खासकर ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा का स्तर बेहद निचले स्तर है। आये दिन शिक्षकों की लापरवाही सामने आती रही है। अधिकारियों की अनदेखी के चलते कई ऐसे नियम है जिनका पालन नही किया जा रहा है। हालांकि समय समय पर अधिकारी इन क्षेत्रों में निरीक्षण करने पहुंचते है लेकिन फिर कुछ दिनों बाद हालात जस के तस बन जाते है। जिसके बाद कही न कही जिम्मेदारों की भूमिका पर भी सवाल खड़े होने लाजमी है।

### स्कूलों को गाइडलाइन चस्पा करना होगी

जारी दिशा निर्देशों के अनुसार स्कूलों को बैग पॉलिसी के निर्देशों को नोटिस बोर्ड पर चस्पा करना होगा। साथ ही अभिभावकों को भी बैग पॉलिसी की जानकारी देना होगी। शाला प्रबंधन समिति को यह पालन करना है कि बच्चों के बैग का वजन नियंत्रित रहे। ताकि बच्चों को बेग के बोझ से कुछ राहत मिल सकें।

**होमवर्क के लिए भी समय तय**

स्कूल बैग पॉलिसी के अनुसार स्कूल को तीसरी से पांचवीं तक के बच्चों को सप्ताह में सिर्फ दो घंटे, छठी से आठवीं तक के बच्चों को प्रतिदिन एक घंटे और नौवीं से 12 वीं तक विद्यार्थियों को प्रतिदिन सिर्फ दो घंटे का होमवर्क दिया जा सकेगा।

### यह रहेगा बस्ते का वजन

| कक्षा | वजन (किग्रा) |
|---|---|
| पहली | 1.6-2.2 |
| दूसरी | 1.6-2.2 |
| तीसरी | 1.7-2.5 |
| चौथी | 1.7-2.5 |
| पांचवी | 1.7-2.5 |
| छठवीं | 2.0-3.0 |
| सातवीं | 2.0-3.0 |
| आठवी | 2.5-4.0 |
| नौवी | 2.5-4.5 |
| दसवी | 2.5-4.5 |

11वीं में बस्ते का वजन शाला प्रबंधन समिति द्वारा विभिन्न विषय स्ट्रीम के आधार पर तय किया जाएगा। 12वीं में बस्ते का वजन शाला प्रबंधन समिति द्वारा विभिन्न विषय स्ट्रीम के आधार पर तय किया जाएगा।

# सप्तशक्ति संगम का भव्य एवं अविस्मरणीय का हुआ आयोजन

**सिवनी।** सरस्वती शिशु मंदिर के नितिन चौधरी (व्यवस्थापक एवं विद्या भारती महाकौशल प्रांत सह सचिव) के प्रेरक निर्देशन तथा ओमप्रकाश यादव (प्राचार्य) के मार्गदर्शी सान्निध्य में सरस्वती शिशु मंदिर (केशवकुंज) भैरोगंज सिवनी के नवीन, भव्य एवं संस्कार-सुगंधित परिसर में द्वितीय मातृ शक्ति सम्मेलन सप्तशक्ति संगम का अलौकिक, अनुशासित एवं गरिमापूर्ण आयोजन संपन्न हुआ। प्राथमिक कक्षाओं की लगभग 350 मातृशक्ति एवं बहिनों की उत्साहपूर्ण एवं सौहार्दमयी भागीदारी ने पूरे कार्यक्रम को आध्यात्मिक ऊष्मा और सांस्कृतिक ऊर्जस्विता से अनुप्राणित कर दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथियों एवं विशिष्ट अतिथियों के पारंपरिक, सौहार्दपूर्ण तिलक वंदन, पुष्पगुच्छ व शाल-श्रीफल अर्पण और दीप प्रज्वलन के साथ हुआ, जिसने पूरे आयोजन में मंगल वातावरण का संचार किया। विद्यालय के पाली प्रभारी जीतेंद्र कुमार सोनी एवं समस्त आचार्य-दीदी परिवार द्वारा प्रदत्त स्वागत-सत्कार की आत्मीयता विशेष रूप से उल्लेखनीय रही।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डॉ. आराधना राजपूत (प्राचार्या, म.ल.बा. शास. उ.मा. विद्यालय सिवनी), अध्यक्ष डॉ. पुष्पा तेकाम (अध्यक्ष, महाकौशल वनांचल शिक्षा न्यास एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ) विशिष्ट अतिथि श्रीमती संगीता उपाध्याय (वरिष्ठ समाजसेविका), श्रीमती शुभांगी पटेवार दीदी, मुख्य वक्ता श्रीमती गोमती ठाकुर (जिला मंत्री, भा.ज.पा.) द्वितीय वक्ताः श्रीमती अंजली मिश्रा (जिला बौद्धिक प्रमुख, राष्ट्र सेविका समिति) अतिथियों का औपचारिक स्वागत एवं परिचय संयोजिका श्रीमती सविता विश्वकर्मा द्वारा अत्यंत शालीन, प्रभावी एवं मनोहारी शैली में प्रस्तुत किया गया साथ ही कार्यक्रम की प्रस्तावना भी वाचन किया गया। इसके उपरांत सप्तशक्ति संगम गीत श्रीमती विभा परमार एवं सुश्री साक्षी राहंगडाले द्वारा मधुर एवं भावपूर्ण प्रस्तुति के रूप में गूंजा। सुभाषित वाचन श्रीमती गायत्री सोलंकी द्वारा प्रस्तुत कर वातावरण में साहित्यिक सौंदर्य और संस्कार चेतना का संचार किया गया।

### विश्वस्तरीय चिकित्सकों की उपस्थिति में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर सम्पन्न

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** मुख्य वन रक्षक मधु विराज, वन मंडल अधिकारी महेन्द्र उइके के मार्ग दर्शन में संयुक्त वन मंडल अधिकारी गोपाल सिंह के अथक प्रयासों से रेडिएंस हॉस्पिटल प्रा. लिमिटेड, नागपुर के सहयोग से 29 नवम्बर 2025, दिन शनिवार को वन विद्यालय लखनादौन में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। शिविर सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक संचालित हुआ। इस शिविर में वन विभाग के सभी फड़ मुंशियों, वन रक्षकों, कर्मचारियों एवं वन अधिकारियों के साथ-साथ उनके परिवारों ने भी स्वास्थ्य जांच का लाभ लिया। कुल 442 लोगों ने अपना स्वास्थ्य परीक्षण कराया। शिविर में उपलब्ध प्रमुख सुविधाएँ पंजीयन बी.पी. जांच ,शुगर टेस्ट, ई.सी.जी. महिला स्वास्थ्य हेतु पैप स्मीयर जांच लीवर रोगों से बचाव पर व्याख्यान विश्वस्तरीय विशेषज्ञों द्वारा परामर्श आहार विशेषज्ञ द्वारा सलाह चेकअप ब्लड डोनेशन कैंप शिविर में उपस्थित विशेषज्ञ चिकित्सक डॉ. मनोज पुरोहित (डायरेक्टर) एमबीबीएस, एमडी (मेडिसिन), कंसल्टेंट – क्रिटिकल केयर एवं डायबेटोलॉजिस्ट डॉ. लतीफ रहमान फिजिशियन एवं चीफ मार्केटिंग एंड बी.डी. डॉ. विशाल सक्सेना रेडिएंस हॉस्पिटल द्वारा फ्री एंजियोग्राफी, एंजियोप्लास्टी एवं फ्री बायपास सर्जरी की सुविधा उपलब्ध कराए जाने की भी जानकारी दी गई। *वन क्षेत्रों में स्वास्थ्य की चुनौतियाँ* डॉ. मनोज पुरोहित ने बताया कि सुदूर वन अंचलों में रहने वाले लोगों में बी.पी., शुगर, अल्कोहल एडिक्शन और हृदय रोग जैसी समस्याएँ तेजी से बढ़ रही हैं, जो शहरी क्षेत्रों के बराबर हो चुकी हैं। शुद्ध वायु, शुद्ध दूध और श्रम प्रधान जीवनशैली के बावजूद बीमारियों का बढ़ना चिंता का विषय है।

# बिना बीमा वाले वाहनों पर यातायात पुलिस की कार्यवाही

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** पुलिस अधीक्षक सुनील मेहता के मार्गदर्शन में एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दीपक मिश्रा के निर्देशन में यातायात नियमों का पालन न करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध कार्यवाही निरंतर की जा रही है, साथ ही पुलिस मुख्यालय द्वारा बिना बीमा वाहन चलाने वाले वाहन चालकों के लिए वाहन बीमा का महत्व, वाहन का बीमा ना होने पर सडक़ दुर्घटना के समय होने वाली कानूनी एवं वित्तीय समस्याओं के बारे में एक सामान्य एडवाइजरी जारी की गई है। इसी के तहत यातायात पुलिस सिवनी द्वारा ऐसे वाहन चालक जो बिना बीमा के वाहन चलाते पाए गए, उन पर कार्यवाही की



गई साथ ही उन्हें बीमा के फायदे एवं ना होने पर उससे होने वाले कानूनी समस्या एवं वित्तीय परिणामों से भी अवगत कराया गया। इसके साथ ही वाहन चालकों को यह हिदायत भी दी गई की वाहन बीमा कराने पर वे इन सभी समस्याओं से निजात पा सकते हैं एवं स्वयं को अपने वाहन को एवं अन्य व्यक्ति को भी सुरक्षित कर दुर्घटना के दौरान समुचित आवश्यक वित्तीय सहायता बीमा कंपनियों के माध्यम से प्राप्त कर सकते है। यातायात पुलिस सिवनी द्वारा बिना बीमा वाले 12 वाहनों पर कार्यवाही करते हुए 14000/- रुपए का समन शुल्क वसूल किया गया। जिला पुलिस सिवनी की समस्त नागरिकों से अपील है कि अपने वाहनों का बीमा अवश्य कराए ।


## 19वीं राष्ट्रीय जंबूरी का आयोजन

# महामहिम राष्ट्रपति द्वारा किया गया समापन



**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** भारत स्काउट गाइड के 75 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर डायमंड जंबूरी का आयोजन लखनऊ के एस्प्रो छावनी मैदान पर आयोजित किया गया जो लगभग 340 अक्कड़ में फैला था इस जंबूरी में भारत के सभी राज्यों से लगभग 35000 स्काउट गाइड में हिस्सा लिया इस जंबूरी में एशियन कंट्री के अंतर्गत मालदीप सऊदी अरब नेपाल एवं अन्य देशों के स्काउट गाइड ने भी अपनी सहभागिता प्रदान कर इस जंबूरी को सफल बनाया इस जंबूरी के उद्घाटन अवसर पर लखनऊ की महामहिम श्रीमती आनंदीबेन पटेल द्वारा जंबूरी का उद्घाटन किया गया द्वितीय दिवस पर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री माननीय योगी आदित्यनाथ जी का सानिध्य स्काउटगाइड को प्राप्त हुआ उन्होंने स्काउट गाइड को तेज का सच्चा सेवा करते हुए इसका गाइड आंदोलन की प्रशंसा की जंबूरी की साहसी गाती हुई नदियों का उद्घाटन श्री स्वतंत्र कुमार देव द्वारा किया गया इस अवसर पर प्रदेश सरकार के विभिन्न मंत्री प्रतिदिन इसका गाइड के बीच उपस्थित होते रहे इस जंबूरी में समापन अवसर पर महामहिम राष्ट्रपति श्री द्रौपदी मुर्मू द्वारा स्काउट गाइड को अपने आशीर्वचन प्रदान किए गए इस अवसर पर मेघालय के मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री आदित्य योगी नाथ उप मुख्यमंत्री श्री केशव प्रसाद मौर्य श्री बृजेश पाठक राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अनिल जैन राष्ट्रीय कमिश्नर श्री खंडेलवाल एवं विभिन्न राज्यों के अध्यक्ष ने उपस्थित होकर स्काउट गाइड को मार्गदर्शन प्रदान किया इस आंदोलन में शासन गतिविधियों के अलावा साहित्यिक सांस्कृतिक गतिविधियों का भी आयोजन किया गया इसी कड़ी मध्यप्रदेश के 900स्काउट गाइड शामिल हुए जिसमें सिवनी जिले का 18 सदस्य दल जिला प्रशासन की प्रमुख श्रीमती शीतल पतले एवं जिला शिक्षा अधिकारी श्री शिव सिंह कुमरे के मार्गदर्शन में जिला दल लीडरविजय शुक्ला LT स्काउट एवं सहायक जिला लीडर श्री बाल गोविंद पाठक खरसारू केवलारी के मार्गदर्शन में जंबूरी में शामिल हुए तथा विभिन्न गतिविधियों में अपनी सहभागिता प्रदान करके जिले का प्रतिनिधित्व किया माननीय राष्ट्रपति के गार्ड ऑफ ऑनर के समय सिवनी जिले के नेताजी शासकीय उच्चतर माध्यमिकविद्यालय के विद्यालय के स्काउटस्काउट श्री केशव बेदी श्री पृथ्वीराज सनोदिया शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय सिवनी के स्काउट दिव्यांश ठाकुर एवं उत्कर्ष साहू ने गार्ड ऑफ ऑनर से मध्य प्रदेश का प्रतिनिधित्व किया दल में मिशन इंग्लिश विद्यालय से श्री तनय श्रीवास एवं गगन सनोदिया खरसरु हाई स्कूल से काशीराम वंडेवार सांदीपनि विद्यालय से मनीष जांघेला अक्षय ठाकरे सेंट फ्रांसिस विद्यालय से ऐश्वर्या ठाकरे एवं तुषार ठाकरे आरी विद्यालय से हर्ष बघेल बंदोल उच्चतर माध्यमिक सुमित साहू एवं शुभम गोपालगंज विद्यालय से मानव प्रजापति अमित यादव मध्य प्रदेश द्वारा प्रस्तुत की गई झांकी में सिवनी जिले द्वारा शिवनी का पत्र मोगली की झांकी प्रदर्शित की गई जिसमें मोगली के पत्र का अभिनय मिशन विद्यालय के छात्र तनय श्रीवास द्वारा किया गया जंबूरी को सफल बनाने में सांदीपनि विद्यालय के प्राचार्य श्री बचलिया श्रीमती राजेश्वरी धुर्वे प्राचार्य नेताजी श्री सुनील सिंह मिशनइंग्लिश जीवी श्रीमती सोनी प्राचार्य बंदोल श्रीमान महेश गौतम प्राचार्य उत्कृष्ट विद्यालय सिवनी श्री जगदीश साहू प्राचार्य शासकीय स्कूल खरसरु सेंट फ्रांसिस विद्यालय की प्राचार्या सिस्टर जेनी मैथ्यू अरी विद्यालय की प्राचार्य श्रीमती मानगडे गोपालगंज के प्राचार्य श्री धुर्वे का योगदान प्रशनिय रहा है जिला शिक्षा अधिकारीश्री कुमरे एवं विजय शुक्ला द्वारा स्काउट गाइड गतिविधियों को सतत प्रगति प्रदान करने के लिए हमेशा सभी विद्यालय के प्राचार्य से इसी प्रकार की अपेक्षा की कामना की है कार्यक्रम के अंत में राज्य प्रशिक्षण आयुक्त श्री बीएल शर्मा एवं राज्य प्रशिक्षण आयुक्त श्रीमती जानकी सिंह गाइड द्वारा सभी स्काउट को शील्ड एवं प्रमाण पत्र प्रदान किए गए।

# जल संचय अभियान मनाया गया



**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद विकासखंड घंसौर द्वारा संचालित मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्यक्रम के जिला समन्वयक श्री सौरभ शुक्ला जी द्वारा अध्यनरत छात्र छात्रों से संवाद कर कक्षा का अवलोकन किया गया और संवाद किया गया तत्पश्चात समस्त छात्र-छात्राओं को जल संचय अभियान के अंतर्गत जल बचाने हेतु शपथ दिलाई गई उसके पश्चात सभी छात्र-छात्राओं की उपस्थिति में एवं जिला समन्वयक श्री सौरभ शुक्ला ब्लॉक समन्वयक श्री मति मधुबाला चौरसिया व समस्त परामर्शदाता व समस्त नवांकुर संस्थाओं की उपस्थिति में छीतापार नाला में मिट्टी बधान का कार्य कर जल बचाओ का संदेश दिया गया।

# शेयर मार्केट में नुकसान कर्ज से परेशान युवक ने लगाई फांसी

हरिभूमि न्यूज कटंगी।

कटंगी थाना क्षेत्र के ग्राम बीसापुर में एक 27 वर्षीय युवक ने अपने ही घर में फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। कथित तौर पर शेयर मार्केट में नुकसान और कर्ज से परेशान होकर युवक ने आत्मघाती कदम उठाया। घटना शनिवार की शाम करीब साढ़े 05 बजे के आस-पास की है. रविवार की दोपहर 12 बजे कटंगी पुलिस ने युवक के शव का पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया है। मिली जानकारी अनुसार ऋषभ पिता भोजराज बिसेन उम्र 27 वर्ष ने अपने ही घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। ऋषभ तीन भाई-बहन है। बहन-भाई बैंगलोर और हैदराबाद में जॉब करते है। पिता किसान और माता पेशे से शासकीय शिक्षक है। बताया जा रहा है कि ऋषभ की माता सिवनी जिले के कुरई ब्लॉक के मोहगांव के एक सरकारी स्कूल में पदस्थ है और अपने पति के साथ मायके धोबी सर्रा में निवास करती है। हर सप्ताह शनिवार को वह अपने घर बीसापुर आते थे। ऋषभ बीसापुर में अकेले ही रहता था। शनिवार की शाम जब दोनों पति-पत्नी घर आए और आवाज लगाई तो ऋषभ ने दरवाजा नहीं खोला जिसके बाद पिता ने खिड़की से भीतर झांका तो बेटे का शव फांसी के फंदे पर लटका मिला। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच विवेचना शुरू कर दी है। एक ग्रामीण के मुताबिक ऋषभ शेयर मार्केट और ऑनलाईन गेम में रूचि रखता था और इसी में नुकसान के बाद वह कर्ज से भी परेशान था। शायद इसी से तंग आकर उसने यह कदम उठाया। ग्रामीण के अनुसार शनिवार की सुबह ही उसके घर पर कोई पैसे मांगने के लिए आया था जिससे वह परेशान था। प्रारंभिक तौर पर यह अनुमान लगाया जा रहा है कि युवक ने कर्ज से परेशान होकर आत्महत्या की है लेकिन पुलिस जांच के बाद ही पुष्टि हो पाएगी कि आखिरकार युवक का ऐसा करने के पीछे का ठोस कारण क्या है।



गौरतलब हो कि इन दिनों ऐसा देखा जा रहा है कि युवा ऑनलाइन गेम से लेकर शेयर मार्केट में जरिए शीघ्र पैसा कमाने की होड़ में लगे हुए है। जिस कारण उनका पूरा दिन मोबाइल की स्क्रीन पर व्यतीत हो रहा है। वह परिवार के होते हुए भी तमाम सदस्यों से दूर बैठकर एकांत में अपना जीवन जी रहे है। ऐसे में युवाओं को कई तरह की गंभीर बीमारियां हो रही है और वह नुकसान होने पर तनाव, चिंता और आत्मविश्वास की कमी के कारण आत्मघाती कदम उठा रहे है। पूर्व में भी इस तरह के कई मामले देखने में आए है जब ऑनलाइन गेम के चक्कर में युवाओं और नाबालिग बच्चों ने अपने माता-पिता के बैंक अकाउंट खाली कर दिए है।

## प्रयास हो रहे सफल, बालाघाट को सीधा फायदा

# अब गोंदिया से इंदौर चलेगी पेंचवेली एक्सप्रेस, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे का प्रस्ताव: मोनिल जैन

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर जोन सदस्य मोनिल जैन ने जिले की रेलवे सुविधाएं को लेकर एक महत्वपूर्ण जानकारी देते हुए बताया कि, मेरे और अन्य जनप्रतिनिधियों के द्वारा लगातार इंदौर के लिए पेंचवेली एक्सप्रेस को व्हाया बालाघाट से गोंदिया तक विस्तार हेतु मांग की जा रही थी। जो अब जाकर पूरी होती प्रतीत हो रही है। इस ट्रेन का विस्तार सैद्धांतिक तौर पर गोंदिया में मेंटेनेंस एवं रख रखाव की सुविधाएं के मद्देनजर संभव है। मोनिल जैन ने आगे कहा, हमारे द्वारा समय-समय पर दक्षिण पूर्व मध्य



रेलवे बिलासपुर की बैठकों, प्रस्ताव और पत्रों के माध्यम से इस संबंध में अनेकों बार किए गए प्रयास आखिर सफलता की ओर अग्रसर है। उन्होंने कहा, रेलवे ने भी जनता जनार्दन की समस्या के दृष्टिगत इस ट्रेन को बालाघाट के रास्ते गोंदिया तक विस्तार के अहम प्रस्ताव को स्वीकृति हेतु प्रेषित किया है। लंबे से थी दरकार स्वीकृति पश्चात शीघ्र ही संचालित समय सारणी जारी होने के बाद पंचवेली एक्सप्रेस का सुलभ संचालन यहां से होगा। जिसका सीधा लाभ बालाघाट जिले वासियों को मिलेगा। जिसकी लंबे से दरकार थी लिहाजा यह अब जाकर पूरी होती नजर आ रही है। यक़ीनन अंतिम व्यक्ति तक सुविधाओं विस्तार करने भाजपा सरकार दृढ़ संकल्पित है। अभिभूत, रेलवे जोन सदस्य मोनिल जैन ने देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव, रेल राज्य मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू, भाजपा के सभी जनप्रतिनिधियों, जोन महाप्रबंधक, सलाहकार समिति सदस्य, मंडल प्रबंधक एवं सभी रेल अधिकारियों का आभार जताया। वहीं गोंदिया बालाघाट जिलेवासियों को इस विस्तारित प्रथम, नवीन रेल भोपाल और इंदौर आवागमन की जन सुविधा के लिए आत्मीय शुभकामनाएं दी।

## किरनापुर में सुरक्षाबलों की बड़ी सफलता

# दो नक्सली डंप बरामद, बारूदी सामान और डिजिटल डिवाइस मिले

**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** बालाघाट जिले के किरनापुर क्षेत्र में सुरक्षाबलों को नक्सल विरोधी अभियान में बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने सिरका-मोजाडेरा और अलीटोला के जंगलों से दो अलग-अलग स्थानों पर छिपाकर रखे गए नक्सली डंप बरामद किए हैं।

मार्च 2026 तक देश से नक्सलियों के खात्मे की तय समय-सीमा के बाद, जंगल में सुरक्षाबलों की गतिविधियां तेज हो गई हैं। बालाघाट जिले सहित सीमावर्ती राज्यों में सुरक्षाबलों की संयुक्त कार्रवाई से नक्सली दबाव में हैं।

जिले में हॉकफोर्स, सीआरपीएफ, कोबरा, जिला पुलिस बल और बीडीडीएस की टीमें लगातार जंगलों में सर्चिंग अभियान चला रही हैं। बीडीडीएस और डॉग स्क्वॉड की मदद से नक्सलियों के ठिकानों और विस्फोटक सामग्री का पता लगाया जा रहा है।

हॉकफोर्स के इंस्पेक्टर आशीष शर्मा की शहादत के बाद से, जिले में सुरक्षाबल नक्सलियों के खात्मे के लिए पूरी ताकत से जुटे हुए हैं। पुलिस अधीक्षक ने यह भी



बताया कि सीमावर्ती राज्यों की टीमों के साथ नक्सलियों के खिलाफ संयुक्त अभियान लगातार जारी रहेगा।

पुलिस अधीक्षक आदित्य मिश्रा ने बताया कि बरामद डंप से बीजीएल के 6 पैकेट, 11 लॉन्चर राउंड, .303 बोर के 9 जिंदा कारतूस, 12 बोर के 3 जिंदा और 9 खाली कारतूस मिले हैं। इसके अतिरिक्त, एक वायरलेस सेट, 4 एंड्रॉयड और 4 कीपैड मोबाइल फोन, 14 पेनड्राइव, 17 मेमोरी कार्ड और 2 सिम कार्ड भी जब्त किए गए हैं।

बरामद सामग्री में दवाएं, नक्सली साहित्य और दैनिक उपयोग की वस्तुएं भी शामिल हैं। जिले में लंबे समय बाद पुलिस को यह बड़ी बरामदगी हाथ लगी है।

# सगे भाई की कुल्हाड़ी मारकर हत्या

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

साल्हे गांव लालबर्रा में अजेश कोमलकर ने अपने सगे भाई अनिल की कुल्हाड़ी मारकर हत्या कर दी। अनिल की चीख सुनकर आसपास के लोगों सहित परिजन पहुंच गए, जिन्होने देखा कि अनिल खून से लथपथ हालत में मृत पड़ा है। खबर मिलते ही पुलिस अधिकारी भी मौके पर पहुंचे जिन्होने शव को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल पहुंचाकर हमलावर अजेश को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरु कर दी है। पुलिस अधिकारियों के अनुसार साल्हे गांव लालबर्रा निवासी अजेश व उसका भाई अनिल कोमलकर नागपुर में काम करते रहे। कुछ दिन पहले अनिल घर आ गया, इसके बाद अजेश भी पहुंच गया। बीती देर रात जब अजेश भोजन कर रहा था, तभी अनिल ने किसी बात को लेकर उसे डांटना शुरू कर दिया। इस पर दोनों भाइयों के बीच विवाद बढ़ गया। इसी दौरान अजेश ने घर में रखी कुल्हाड़ी उठाई और अनिल के मुंह और गले पर दो से तीन वार कर दिए। अनिल की मौके पर ही मौत हो गई। अनिल पर हमला होते देख परिजनों में चीखपुकार मच गई, शोर सुनकर आसपास के लोग भी आ गए, जिनकी सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस को पूछताछ में पता चला है कि मृतक अनिल की पत्नी के अलावा दो बच्चे है जिनकी उम्र 10 और 7 वर्ष है। पुलिस का कहना है कि दोनों के बीच अवैध संबंधों को लेकर विवाद होने की बात



सामने आई है, जांच के बाद जो भी तथ्य सामने आएगे उस आधार पर आगे की कार्यवाही की जाएगी।

## बैहर में महात्मा फुले को दी गई श्रद्धांजलि



हरिभूमि न्यूज बैहर।

स्थानीय नगर मुख्यालय के हृदय स्थल डॉ आंबेडकर पार्क में गत दिवस 28 नवंबर को दलितों और महिलाओं के उत्थान के लिए अपना जीवन समर्पित करने वाले महान समाज सुधारक महात्मा ज्योतिबा फुले जी के महापरिनिर्वाण दिवस पर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई नगर के समाजसेवियों के द्वारा शाम 5:30 बजे उपस्थित होकर फूले जी की प्रतिमा के समीप दीप प्रज्वलित कर पुष्प अर्पित किए गए तथा महात्मा फूले अमर रहे के नारे लगाए गए उक्त श्रद्धांजलि कार्यक्रम में वरिष्ठ समाजसेवी एम एल चौरे, बाबू साजन दास बोरकर, चैतराम धानेश्वर, अजीम मोहम्मद, एस एल गजभिए, युवा समाजसेवी एड सुनील बेले, राजा बोरकर संजय लाकड़े, संजीव गुर्दे, सिद्धार्थ मेश्राम, राहुल पंचतिलक, ओजस्वी बेले व अन्य लोग उपस्थित थे।

## 3 दिसंबर को खैरलांजी में निशुल्क नेत्र शिविर



**खैरलांजी।** बुधवार 3 दिसंबर बुधवार को एक दिवसीय निशुल्क नेत्र शिविर का आयोजन होगा। यह जानकारी नेत्र चिकित्सक डा.टी.एस. बिसेन के द्वारा दी गई। उन्होंनो बताया की निशुल्क नेत्र शिविर में आंखो के मरीजो की जांच कर लाभान्वित किया जाएगा।

# भारत निर्वाचन आयोग ने मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण (SIR) 2026 का संशोधित कार्यक्रम किया जारी

**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री संजीव कुमार झा ने कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारियों को मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण के संबंध में दिए आवश्यक निर्देश

प्रदेश में चल रहे मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण एसआईआर की भारत निर्वाचन आयोग ने समय सीमा बढ़ा दी है। इस संबंध में आयोग ने निर्देश भी जारी कर दिए हैं। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी मप्र श्री संजीव कुमार झा ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा 30 नवंबर को संशोधित कार्यक्रम जारी किया गया है। जारी कार्यक्रम अनुसार मध्यप्रदेश में एसआईआर की प्रक्रिया अब 14 फरवरी 2026 तक चलेगी। इसके अनुसार अब 11 दिसम्बर 2025 तक एन्युमरेशन फार्म भरने का काम बीएलओ द्वारा किया जाएगा। 16 दिसंबर को मतदाता सूची के प्रारूप का प्रकाशन होगा। 16 दिसंबर से 15 जनवरी 2026 तक दावा आपत्तियों के आवेदन लिए जाएंगे। 16 दिसंबर से 7 फरवरी 2026 तक दस्तावेजों का सत्यापन किया जाएगा। इसके बाद 14 फरवरी 2026 को फाइनल मतदाता सूची का प्रकाशन होगा। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री संजीव कुमार झा ने कहा कि सभी जिलों के कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारियों को भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी किए गए नवीन दिशा निर्देशों से अवगत कराया गया है। मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के संबंध में दिए गए नवीन निर्देशों का अनिवार्य रूप से पालन करें। उसे अच्छी तरह से अध्ययन कर लें। विशेष गहन पुनरीक्षण के दौरान बीएलओ तीन बार मतदाताओं के घर जाएंगे, यह सुनिश्चित करें। इसके साथ ही जो व्यक्ति 1 जनवरी 2026 को 18 वर्ष की आयु पूरी कर रहा है, वह भी मतदात सूची में अपना नाम जुड़वाने के लिए आवेदन कर सकता है। उन्होंने कहा कि मतदाता सूची में नाम जुड़वाने के लिए फॉर्म 6, हटवाने के लिए फॉर्म 7 और सुधार या संशोधन के लिए मतदाता को फॉर्म 8 भरना होगा। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री झा ने बताया कि एन्यूमरेशन फार्म भरने में यदि कोई व्यक्ति मिथ्या घोषणा करता है तो जुर्माने या कारावास के लिए दंडनीय होगा।

## ठिठुरती रात में पहुँची मानवता की गर्माहट, गर्म कपड़े पाकर खिल उठे जरूरतमंदों के चेहरे

# आदर्श दानपात्र ने नदी किनारे बसे परिवारों को कंबल व स्वेटरों का किया वितरण

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

किरनापुर क्षेत्र के ग्राम छिंदगांव के समीप नदी किनारे झोपड़ियों में रह रहे जरूरतमंद परिवारों के बीच बीती रात्रि 8 बजे मानवीय संवेदना का मार्मिक दृश्य देखने को मिला। कड़ाके की ठंड और विपरीत परिस्थितियों से जूझ रहे इन परिवारों तक आदर्श दानपात्र सेवा समिति, बालाघाट (म.प्र.) ने जन सहयोग के साथ मिलकर राहत की गर्माहट पहुँचाई।ये परिवार झाड़ू बनाकर जीवनयापन करते हैं और नदी तट की झोपड़ियों में सर्द रातें गुजारना उनके लिए बेहद कठिन हो गया था। जैसे ही यह सूचना समिति तक



पहुँची, समिति की टीम तत्परता से राहत सामग्री लेकर स्थल पर पहुँची।कार्यक्रम के दौरान महिलाओं, बच्चों और वृद्धजन को निशुल्क कंबल, स्वेटर एवं साड़ियाँ वितरित की गईं। ठंड से काँपते चेहरों पर राहत पाकर उभरी मुस्कान ने मानवीय सहयोग की सच्ची तस्वीर पेश की।समिति का स्पष्ट उद्देश्य—"यह सेवा केवल सामान देने भर की प्रक्रिया नहीं, बल्कि उन परिवारों के दिलों तक यह भरोसा पहुँचाना है कि समाज उनके साथ खड़ा है।"इस महत्वपूर्ण सेवा कार्य में समिति के सदस्यों तथा विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े दानदाताओं ने सक्रिय भागीदारी निभाई। समिति ने सभी सहयोगकर्ताओं के प्रति अपना हृदयस्पर्शी आभार व्यक्त करते हुए कहा—"समिति इस मानवीय सेवा को सफल बनाने में सहभागी रहे सभी सदस्यों एवं दानदाताओं। में डॉ. सरोज घोड़ेश्वर, डॉ. वैशाली मेश्राम, कविता खंडवाहे, बी.एस. घरते, रोहित डोगरे, प्रणीत नागवंशी, संजय ठाकरे के प्रति हृदय से गहन आभार प्रकट किया।

# पंडरीपथरा के वनपट्टा धारक किसानों को गेहूं लगाने तैयार किया गया

## संयुक्त संचालक कृषि श्री नेताम ने चैनाटोला में मसूर बीज का वितरण किया

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

कलेक्टर श्री मृणाल मीना के मागदर्शन पर 28 नवंबर को बिरसा विकासखंड के ग्राम पंडरीपथरा के कृषकों को कृषि विस्तार अधिकारी श्रीमती खिलेश्वरी धुर्वे द्वारा धरती आबा ग्राम उत्कर्ष अभियान के अंतर्गत वन पट्टा धारक 20 किसानो को गेहूं लगाने के लिए तैयार किया गया।

इसी कड़ी में संयुक्त संचालक कृषि श्री के एस नेताम की उपस्थिति में ग्राम चैनाटोला के किसानों को निःशुल्क मसूर बीज का वितरण किया गया।



## अधिकारियों द्वारा ग्रामों का भ्रमण कर बीएलओ के कार्यों का किया जा रहा है निरीक्षण

# जिले में एसआईआर-2026 के गणना पत्रकों के डिजिटलाइजेशन की प्रगति 93.66 प्रतिशत पहुँची

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

बालाघाट जिले में मतदाता सूची के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण (SIR 2026) के अंतर्गत गणना पत्रकों के डिजिटाइजेशन कार्य में तेजी देखने को मिल रही है। 30 नवंबर 2025 को शाम तक जिले के 6 विधानसभा क्षेत्रों में कुल 13 लाख 70 हजार 312 मतदाताओं के विरुद्ध 1675 मतदान केन्द्रों के मतदाताओं से प्राप्त 12 लाख 83 हजार 436 गणना पत्रकों (ईएफ फॉर्म्स) का सफलतापूर्वक डिजिटलाइजेशन किया जा चुका है, जो 93.66 प्रतिशत है।

विधानसभा क्षेत्र बैहर के 321 मतदान केंद्रों के 95.51 प्रतिशत गणना पत्रकों का डिजिटलाइजेशन पूरा कर लिया गया है। विधानसभा क्षेत्र लांजी के 294 मतदान केंद्रों के 94.6 प्रतिशत गणना पत्रकों का , विधानसभा क्षेत्र परसवाड़ा के 298 मतदान केन्द्रों के 93.58 प्रतिशत गणना पत्रकों का, डिजि टाइजेशन, विधानसभा क्षेत्र बालाघाट के 276 मतदान केंद्रों के 89 प्रतिशत गणना पत्रकों का, विधानसभा क्षेत्र वारासिवनी के 237 मतदान केंद्रों के 95.47 प्रतिशत गणना पत्रकों का एवं विधानसभा क्षेत्र कटंगी के 249



मतदान केंद्रों के 94.03 प्रतिशत गणना पत्रकों का डिजिटलाइजेशन पूरा कर लिया गया है।

जिले में कुल 44 हजार 151 फॉर्म्स नो-मैपिंग श्रेणी में पाए गए, जो कुल मतदाता का 3.22 प्रतिशत है। विधानसभा क्षेत्र कटंगी व परसवाड़ा में नो-मैपिंग प्रतिशत अपेक्षाकृत अधिक पाया गया है, वहीं बैहर में यह सबसे कम है। अधिकारियों द्वारा जिले के ग्रामों का भ्रमण कर गणन पत्रको के संकलन एवं डिजिटलाइजेशन कार्य का सतत निरीक्षण किया जा रहा है। गणना पत्रकों का शत-प्रतिशत डिजिटलाइजेशन करने वाले बीएलओ को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित भी किया जा रहा है।

कलेक्टर श्री मृणाल मीणा के मार्गदर्शन में जिला प्रशासन एवं निर्वाचन टीम द्वारा सतत मॉनिटरिंग की जा रही है। सभी विधानसभा क्षेत्रों में बीएलओ, सुपरवाइजर एवं डेटा एंट्री ऑपरेटरों के समन्वय से कार्य तेज गति से प्रगति पर है। अधिकारियों का लक्ष्य है कि शत-प्रतिशत डिजिटाइजेशन निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण किया जाए।यह प्रगति जिले को राज्य के शीर्ष प्रदर्शनकारी जिलों में शामिल करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

जिला प्रशासन ने जिले के सभी मतदाताओं से अपील की है कि वे गणना पत्रक भरकर शीघ्रता से अपने मतदान केन्द्र के बीएलओ को उपलब्ध कराएं। जो मतदाता समय-सीमा में गणना पत्रक भरकर नहीं देंगे उनके नाम मतदाता सूची से काट दिए जाएंगे और वे मतदान के अधिकार से वंचित रह जाएंगे। अतः सभी मतदाता इस कार्य की गंभीरता को समझें और समय सीमा में बीएलओ को गणना पत्रक उपलब्ध करा कर अपनी जिम्मेदारी निभाएं।

## 11 हजार 159 पशुपालकों के घर पहुंचकर किया जाएगा सम्पर्क

# किसानों की आय वृद्धि एवं दुग्ध उत्पादन संवर्धन के लिए "दुग्ध संमृद्धि अभियान" का द्वितीय चरण प्रारम्भ

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

मध्यप्रदेश शासन, पशुपालन एवं डेयरी विभाग द्वारा किसानों की आय में सतत वृद्धि तथा प्रदेश को दुग्ध उत्पादन के क्षेत्र में राष्ट्रीय स्तर पर अग्रणी बनाने के उद्देश्य से "दुग्ध संमृद्धि अभियान" सक्रिय रूप से संचालित किया जा रहा है। अभियान के द्वितीय चरण के अंतर्गत बालाघाट जिले में 5 से 9 दुधारू पशुओं वाले 11 हजार 159 पशुपालकों के घर-घर पहुँचकर विभागीय अमला विस्तृत चर्चा करेगा। इस दौरान पशुपालकों को डेयरी व्यवसाय को अधिक लाभदायक बनाने हेतु उन्नत



नस्ल सुधार, संतुलित पोषण प्रबंधन तथा पशु स्वास्थ्य देखभाल से संबंधित आवश्यक जानकारी प्रत्यक्ष रूप से प्रदान की जाएगी। अभियान का द्वितीय चरण दिसंबर माह में क्रियान्वयन हेतु निर्धारित है।

कलेक्टर श्री मृणाल मीना के मार्गदर्शन में राज्य स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स द्वारा मल्टीमॉडल एवं उदाहरण आधारित प्रशिक्षण का आयोजन जिला एवं विकासखंड स्तर पर 26 नवंबर से शुरू किया गया है जो 05 दिसंबर 2025 तक चलेगा। इस प्रशिक्षण में विभागीय अमले पशु चिकित्सक, सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी, गौसेवक, मैत्री कार्यकर्ता, पशु सखी एवं दुग्ध संघ के कार्मिक को अभियान के प्रभावी संचालन हेतु आवश्यक कौशल एवं तकनीकी जानकारी प्रदान की जाएगी।

उपसंचालक, पशु चिकित्सा सेवाएँ, जिला बालाघाट डॉ. एन. डी. पुरी ने बताया कि अभियान के द्वितीय चरण में लगभग 250 प्रशिक्षित विभागीय कार्यकर्ता लक्षित 11 हजार 159 पशुपालकों से सीधे संपर्क कर उन्हें दुग्ध उत्पादन बढ़ाने हेतु नस्ल सुधार, पोषण एवं स्वास्थ्य प्रबंधन की सम्पूर्ण जानकारी उपलब्ध कराएँगे। यह प्रयास जिले में डेयरी व्यवसाय को अधिक सशक्त, वैज्ञानिक तथा लाभकारी बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम सिद्ध होगा।

## जल जीवन मिशन से साकार हुआ 'हर घर जल' का सपना

**बालाघाट।** ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल संकट दूर करने और प्रत्येक घर तक नलजल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से लागू जल जीवन मिशन के उल्लेखनीय परिणाम अब स्पष्ट रूप से दिखाई देने लगे हैं। बालाघाट जिले के विकासखंड परसवाड़ा के ग्राम झिरिया में भी इस मिशन ने लोगों के जीवन में बड़ा बदलाव लाया है। ग्राम के प्रत्येक घर में नल के द्वारा शुद्ध पहुंचने से ग्रामीणों के चेहरे पर मुस्कान आ गई है। अब उन्हें पीने एवं निस्तार के लिए पानी के इंतजाम की चिंता नहीं करनी पड़ती है। ग्राम झिरिया की निवासी लक्ष्मी मरावी ने बताया कि पहले गांव में पेयजल की गंभीर समस्या थी। महिलाओं को रोज़ाना दूर-दूर से पानी लाना पड़ता था, जिसके कारण उन्हें काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था।